वर्ष- 21 अंक - 288 cityblastindore@gmail.com RNI NO. MPHIN/2005/15582 fb.com/cityblastindore मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट

इंदौर, शनिवार 4 अप्रैल 2026

निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता...

## होर्मुज से पैसा कमाना चाहते हैं ट्रंप

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि थोड़ा और समय मिल जाए तो हम आसानी से होर्मुज खोलकर तेल निकाल सकते हैं और खूब पैसा कमा सकते हैं। यह दुनिया के लिए तेल का फव्वारा होगा?



### होर्मुज से एक और गुड न्यूज
## एलपीजी लेकर भारत आ रहा 7वां टैंकर

**मुंबई ● एजेंसी**

स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पार करके भारत का एक और एलपीजी टैंकर आगे बढ़ रहा है। 'ग्रीन सान्वी' नाम का यह टैंकर अपने साथ करीब 58,811 मीट्रिक टन एलपीजी ला रहा है। युद्ध शुरू होने के बाद यह सातवां भारतीय जहाज है, जो होर्मुज पार करके आगे बढ़ रहा है। जहाज ने अपना ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम एक्टिव कर रखा है, जिससे उसकी लोकेशन लगातार ट्रैक की जा रही है।

## अमेरिका ने माना होर्मुज स्ट्रेट खुलवाना उसके बस की नहीं

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिकी इंटेलिजेंस की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, होर्मुज स्ट्रेट को खुलवाना अमेरिका के बस की बात नहीं है। ईरान फिलहाल किसी भी हाल में होर्मुज स्ट्रेट खोलने के मूड में नहीं है। वजह साफ है, यह वही एक रास्ता है जिसके जरिए तेहरान अमेरिका और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर सबसे ज्यादा दबाव बना सकता है। अगर अमेरिका सैन्य ताकत के जरिए इस रास्ते को खोलने की कोशिश करता है, तो यह जंग और लंबी और खतरनाक हो सकती है।

## यूएई ने पाकिस्तान से मांगे अपने दो अरब डॉलर

**शनिवार.एजेंसी।** मिडिल ईस्ट में चल रही जंग के बीच यूएई ने पाकिस्तान से अरबों डॉलर का कर्ज तुरंत वापस मांगा है। यूएई ने यह कर्ज पाकिस्तान के भुगतान संतुलन के लिए दिया था और इस पर करीब 6 प्रतिशत ब्याज लगता था। पाकिस्तान इस महीने के अंत तक यूएई को 2 अरब डॉलर का कर्ज वापस करेगा।

# अमेरिका का एक और लड़ाकू विमान गिरा

## 24 घंटे में अमेरिका के 2 फाइटर जेट क्रैश 2 चॉपर तबाह

**शनिवार ● एजेंसी**

मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष के बीच अमेरिकी वायुसेना का एक और विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के पास अमेरिका का एक ए-10 थंडरबोल्ट द्वितीय विमान गिर गया। इस विमान के पायलट को बचा लिया गया। इससे पहले अमेरिका का एक एफ-15ई लड़ाकू विमान भी ईरानी हवाई क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पिछले 24 घंटों के भीतर ईरान ने दो अमेरिकी लड़ाकू विमानों को मार गिराया है, जबकि बचाव अभियान में लगे दो ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर भी ईरानी हमले की चपेट में आ गए हैं। दावा किया गया है कि कुवैत स्थित 'कैंप बुहरिंग' पर हुए ईरानी हमलों में अमेरिकी सेना का एक 'बोइंग सीएच-47 चिनूक' भारी-भरकम हेलीकॉप्टर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।



## जंग पर ट्रंप की बड़ी तैयारी! मांगा अमेरिका के इतिहास का सबसे बड़ा रक्षा बजट

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** मिडिल ईस्ट में ईरान से बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका ने अपनी सैन्य ताकत को और मजबूत करने की तैयारी शुरू कर दी है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साल 2027 के लिए करीब 1.15 ट्रिलियन डॉलर का रक्षा बजट प्रस्तावित किया है। यह अमेरिकी इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा रक्षा बजट अनुरोध है। यह बजट पिछले वर्ष के मुकाबले करीब 40प्रश से 50प्रश अधिक है।

## 80प्रश पाकिस्तानी गे

**लंदन.एजेंसी।** पाकिस्तान की ट्रांसजेंडर एक्टिविस्ट हिना बलोच ने दावा किया है कि पाकिस्तान की 80 प्रतिशत जनता गे है और बाकी 20 प्रतिशत बाइसेक्शुअल हैं। उन्होंने कहा कि लोग सामाजिक दबाव और धर्म के कारण अपनी असल यौन पहचान छुपाते हैं। हिना बलोच पाकिस्तान में 'सिंध मूरत मार्च' की को-फाउंडर रही हैं और 'औरत मार्च' में भी सक्रिय भूमिका निभा चुकी हैं। एक विरोध प्रदर्शन के दौरान 'प्राइड फ्लैग' फहराने की वजह से उन्हें हिंसा का सामना करना पड़ा था जिसके बाद वे लंदन में रह रही हैं।



## दर्दनाक हादसा कुएं में गिरी कार 6 बच्चों सहित एक ही परिवार के 9 लोगों की मौत

**नासिक.एजेंसी।** नासिक से 40 किमी दूर दिंडोरी तालुका के शिवाजीनगर इलाके में शुक्रवार रात करीब 11:30 बजे एक भयानक हादसा हो गया। यहां 'इंदोरे' गांव के दरगोड़े परिवार के 9 सदस्यों की उस समय दर्दनाक मौत हो गई, जब एक मारुति एक्सएल कार कुएं में गिर गई। मृतकों में 6 बच्चे शामिल हैं। दिंडोरी के शिवाजीनगर के राजे बैंक्वेट हॉल में क्लासेस की तरफ से वार्षिक समारोह आयोजित किया गया था। जहां इंदोरे गांव से सुनील दत्तात्रेय दरगोड़े अपने परिवार के बच्चों को इस इवेंट में लेकर आए थे। इवेंट के बाद दिंडोरी से दरगोड़े परिवार कार से घर लौट रहा था, तभी ड्राइवर का कंट्रोल खो गया और कार सड़क किनारे पानी से भरे कुएं में गिर गई।

## जबर्दस्त विरोध के बाद पाकिस्तान में पेट्रोल 80 रुपए सस्ता

**इस्लामाबाद.एजेंसी।** पाकिस्तान में विरोध के बाद सरकार ने पेट्रोल की कीमत में 80 रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। नई कीमत 378 रुपये प्रति लीटर तय की गई है। इससे एक दिन पहले ही पेट्रोल और डीजल के दामों में भारी बढ़ोतरी की गई थी।

# अफगानिस्तान में भूकंप से गिरा मकान, 8 की मौत



**काबुल.एजेंसी।** अफगानिस्तान के हिंदू कुश क्षेत्र में आए 5.9 तीव्रता के भूकंप ने इस पूरे क्षेत्र को हिला दिया। काबुल में मकान ढहने से 8 लोगों की मौत हो गई और एक बच्चा घायल हो गया। भूकंप के झटके भारत की राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत और पाकिस्तान के कई शहरों में महसूस किए गए। भूकंप के झटके दिल्ली पंजाब के नोएडा, चंडीगढ़, लुधियाना और जम्मू-कश्मीर के पुंछ, श्रीनगर और उधमपुर, देहरादून सहित कई अन्य शहरों से महसूस किए गए।

## राघव चड्ढा को केजरीवाल के घर मुर्गा बनाकर पीटा आंख पर आई चोट

पंचकूला.एजेंसी। आम आदमी पार्टी (आप) सांसद राघव चड्ढा को राज्यसभा में उपनेता पद से हटाए जाने के बाद विवाद बढ़ता जा रहा है। हरियाणा से आप के प्रदेश अध्यक्ष रहे नवीन जयहिंद ने आप नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जयहिंद ने वीडियो जारी कर दावा किया है कि राघव चड्ढा को केजरीवाल के घर मुर्गा बनाकर पीटा गया जिससे उनकी आंख पर चोट आई और इलाज के लिए उन्हें इंग्लैंड जाना पड़ा।

## शशि थरूर के काफिले पर हमला, बीच सड़क पर घेरी गाड़ी, गनमैन को भी पीटा



**कोच्चि.एजेंसी।** केरलम के मलप्पुरम जिले के वंडूर इलाके में कांग्रेस सांसद शशि थरूर के साथ बदसलूकी का एक गंभीर मामला सामने आया है। यूडीएफ उम्मीदवार एपी अनिल कुमार के पक्ष में चुनाव प्रचार करने जा रहे शशि थरूर के वाहन को अज्ञात हमलावरों ने न केवल रोका, बल्कि उनके सुरक्षाकर्मी के साथ मारपीट भी की। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो लोगों को हिरासत में लिया है।

# कांग्रेस वार्ड अध्यक्ष, प्रभारी और महिला प्रभारी की नियुक्तियां

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे द्वारा विधानसभा 4 के 13 वार्डों के अध्यक्ष, वार्ड प्रभारी और महिला प्रभारी की नियुक्तियां की गई, जो विधानसभा 4 के प्रभारी शैलेष गर्ग की अनुशंसा पर बताई जा रही है। वार्ड 67 में अध्यक्ष मुकेश बड़के, प्रभारी शैलेष लोधी, महिला प्रभारी सीमा सत्येन्द्र यादव, वार्ड 68 अध्यक्ष नौशाद नासिर अहमद, वार्ड प्रभारी जावेद शेख, महिला प्रभारी सिमरन अयाज बेग, वार्ड 69 अध्यक्ष सुनील सोलंकी, वार्ड प्रभारी मधुकर गुप्ता, महिला प्रभारी राधा नितेश राजोरिया, वार्ड 70 अध्यक्ष विजय थलोरे, वार्ड प्रभारी महेश ओटकर, महिला प्रभारी रीचा शर्मा टांक, वार्ड 71 अध्यक्ष जगदीपेन्द्र यादव नट्टू, वार्ड प्रभारी धर्मेन्द्रसिंह ठाकुर, महिला प्रभारी दीपा मिश्रा, वार्ड 72 अध्यक्ष प्रवीण पाटनी, वार्ड प्रभारी नितिन जोशी, महिला प्रभारी विजेता विजय मूंगे, वार्ड 73 अध्यक्ष गंगेश हटकर, वार्ड प्रभारी हमजा हमदानी, महिला प्रभारी शाहिन फातिमा बी, वार्ड 82 अध्यक्ष संकेत अम्बोरे, वार्ड प्रभारी इशान गुप्ता, महिला प्रभारी सोनाली सोनार, वार्ड 83 अध्यक्ष संजय मालवीय पप्पू, वार्ड प्रभारी विकास जोशी, महिला प्रभारी सरिता काला, वार्ड 84 अध्यक्ष प्रज्ञा शुक्ला, वार्ड प्रभारी जीतू शिंदेल, महिला प्रभारी आशा पंचोले, वार्ड 85 अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह सोलंकी, वार्ड प्रभारी बिलतोष विश्वकर्मा, महिला प्रभारी मिथिलेश पाल को बनाया गया।



## मुख्यमंत्री ने किए पुष्प अर्पित

**उज्जैन ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन प्रवास के दौरान गुरकीरतसिंह मनोचा के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। विगत दिवस कनाडा में दुखद दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शासन प्रदेशवासियों के सुख-दुख में साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने भी मनोचा को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



## पटवारी ने की वर्मा के यहां शिरकत

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री गजेन्द्र वर्मा के पिता के निधन के बाद चल रही शोक बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे सहित अन्य कांग्रेसी पहुंचे।

# गोधा को सोठा और तलवार की भेंट

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

भाजपा नेता और समाजसेवी नवीन गोधा का अवतरण दिवस कल निवास और सेवाकार्य स्थल से लेकर अन्य जगह मनाया गया। कई भाजपा नेता और समाज पदाधिकारी मौजूद रहे। आश्रम के बच्चों को भोजन करवाया गया, अस्पताल में फल वितरित किए, वृद्धा आश्रम में भी सेवाकार्य किया और करवाया, कुष्ठ रोगियों के आश्रम में भी कपड़ों का वितरण हुआ। मानसिक अस्पताल, विद्याधाम मंदिर में भी पहुंचकर सेवाकार्य किए गए। विधायक रमेश मेंदोला, एमआईसी सदस्य राजेन्द्र राठौर, वीरेन्द्र यादव ने भी बधाई दी। भाजपा नेता मदन मोहन प्रजापत एवं शेखर जैन ने बताया कि गोधा को सम्मानपूर्वक सोठा और तलवार भेंट कर सम्मान किया गया। मेहताबसिंह सोलंकी, राजा



पटेल, शिव शर्मा, मदन मोहन प्रजापत, अथर पहलवान, चिंटू बाबा, शीतल जैन, प्रथम गोधा, अलमोल कासलीवाल, जैनेश झांझरी, एसके सोगानी, पिंटू अजमेरा, डम्पी जैन, जितेंद्र मुस्कान, सिद्धार्थ गंगवाल, संजय जैन, विनोद जैन, अमित जैन, निलेश जैन, दिलीप बज, राहुल जैन, दिलीप अजमेरा, गौरव जैन, सुमेर सिंह पहलवान, राजा पटेल, शिव शर्मा, राहुल जैन, राहुल ठाकरे, फारूख पटेल, सादिक पटेल, शिव शर्मा, शेर सिंह, अमन निगम, महावीर जैन, महेंद्रसिंह बैस, उज्वल शिंदे, हुकुमसिंह श्रीवाल, शिव शर्मा, प्रवीण जैन, अनमोल कासलीवाल शामिल थे। वहीं जैन समाज क्लर्क कालोनी ने भी गोधा का अवतरण दिवस पर सम्मान किया।




## केन्द्रीय मंत्री रहे सम्मेलन और सम्मान में मौजूद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** आदर्श क्षत्रिय खटीक समाज ने परिचय सम्मेलन और प्रतिभा सम्मान का आयोजन स्कीम नं. 140 क्षेत्र में किया। केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र खटीक अतिथि थे। बड़ी संख्या में खटीक समाजन मौजूद रहे। सुरेश रमेशचन्द्र चावला, अमित चंदेल ने बताया कि कार्यक्रम में तुलसीराम सिलावट, सावन सोनकर, नन्दकिशोर पहाड़िया, महेश बसवाल ने भी शिरकत की।

## मुख्यमंत्री का मंदिर में सम्मान

**उज्जैन ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का कल उज्जैन प्रवास के दौरान श्री बालाजी श्याम सरकार मंदिर में महंत मनीष पारीख ने श्रद्धालुओं की मौजूदगी में सम्मान किया।मुख्यमंत्री ने मंदिर में भगवान के दर्शन किए और प्रदेश में खुशहाली की कामना भी की।

## महापौर और एमआईसी सदस्य रहे व्यासपीठ पूजन में मौजूद

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** श्री शक्ति महिला संघ मेरी सहेली मित्र मंडल द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा का आयोजन कराया गया। पूर्णाहुति के अंतिम दिन महापौर पुष्य मित्र भार्गव, एमआईसी सदस्य बबलू शर्मा सहित कई राजनेता, अधिकारी, मातृशक्तियां और श्रद्धालु मौजूद रहे। डिम्पल शर्मा ने बताया कि 7 दिनों तक गौरव तिवारी ने कथा का रसपान कराया। अंतिम दिन महाआरती और प्रसादी का आयोजन भी किया गया।



# उज्जैन बनेगा विज्ञान नगरी



**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केन्द्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, सुरेश सोनी के साथ सम्राट विक्रमादित्य 'द हेरिटेज इकाई की विस्तार परियोजना, बायपास रोड का भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री ने सैटेलाइट मेकिंग वर्कशॉप में विद्यार्थियों से चर्चा भी की। 'महाकाल : द मास्टर ऑफ टाइम' विषय पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन किया और नव-निर्मित उज्जैन साइंस सेंटर का लोकार्पण के साथ विद्यार्थी विज्ञान मंथन की वेबसाइट, ब्रोशर एवं पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन धर्म की नगरी होने के साथ विज्ञान की भी नगरी है। उज्जैन की माटी में विज्ञान, गणित, खगोल और ब्रह्मांड चिंतन सदियों से विद्यमान है। उज्जैन काल गणना का केंद्र रहा है, जहां प्राचीन काल में सूर्य की छाया से समय नापने की कला विकसित हुई। प्राचीन भारतीय भूगोल के अनुसार उज्जैन कर्क रेखा पर स्थित है और इसे पृथ्वी का मध्य बिंदु माना जाता था। ग्रीनविच के वैश्विक मानक के अस्तित्व में आने से सदियों पहले शून्य देशांतर रेखा पावन नगरी उज्जैन से होकर गुजरती थी। जब पश्चिम में खगोल शास्त्र का ज्ञान भी नहीं था तब उज्जैन के ज्योतिषी और विद्वान काल गणना कर नक्षत्रों की स्थिति बता रहे थे। जब दुनिया समय को परिभाषित करना सीख रही थी तब यहां महर्षियों ने खगोलीय गणनाओं का वैश्विक मानक स्थापित कर लिया था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को उज्जैन में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'महाकाल : द मास्टर ऑफ टाइम' के शुभारंभ सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उज्जैन को साइंस सिटी के रूप में स्थापित किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से आज 15 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से विज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमें केंद्र सरकार का भी सहयोग निरंतर प्राप्त हो रहा है। वास्तव में यह अपनी वैज्ञानिक विरासत को पुनर्जीवित करने का सशक्त प्रयास है। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के नेतृत्व में नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के लिए हो रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार इस नीति की भावना के अनुरूप युवाओं को भारतीय ज्ञान परंपरा से जोड़ने की दिशा में गंभीर प्रयास कर रही है।

## मुख्यमंत्री उज्जैन से इंदौर आकर दिल्ली जाएंगे

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज शाम को 6 बजे उज्जैन के डोंगला से इंदौर विमानतल आकर दिल्ली के लिए रवाना होंगे। वे आज डोंगला में महाकाल द मास्टर ऑफ टाइम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शिरकत करेंगे।

# चंदन नगर फ्लाईओवर ब्रिज के निर्माण के लिए मंत्री लेंगे बैठक

## मास्टर प्लान की सड़कों के निर्माण की भी होगी समीक्षा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गी के द्वारा चंदन नगर में फ्लाईओवर ब्रिज के निर्माण के लिए आज बैठक ली जाएगी। इस बैठक में इंदौर में मास्टर प्लान की सड़कों के निर्माण की भी समीक्षा की जाएगी।**

विजयवर्गीय के द्वारा इंदौर विकास प्राधिकरण के सभागार में आज दोपहर 3:00 बजे प्राधिकरण और इंदौर नगर निगम के अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक रखी गई है। यह बैठक महापौर पुष्यमित्र भार्गव की पहल पर आयोजित की जा रही है। नगर निगम के द्वारा चंदन नगर चौराहे के पास से लेकर जिला अस्पताल के आगे तक के पोर्शन में फ्लाईओवर ब्रिज के निर्माण का फैसला लिया गया था। अपनी खराब आर्थिक हालत को देखते हुए नगर निगम तो इस काम को कर नहीं पा रहा है। ऐसी स्थिति में इस काम को इस साल के बजट में इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा अपने हाथ में ले लिया गया है। आज मंत्री द्वारा आयोजित की गई बैठक में इस काम को शुरू करने के बारे में समीक्षा की जाएगी ।

इस बैठक में इंदौर में मास्टर प्लान में प्रावधान की गई 23 सड़कों के निर्माण के कार्य की भी समीक्षा की जाएगी। इन सड़कों का निर्माण इंदौर नगर निगम के द्वारा शुरू करवाया जा रहा है। इनमें से आठ सड़कों का निर्माण शुरू हो गया है। शेष सड़कों के निर्माण की तैयारी की जा रही है। इन सड़कों के निर्माण के लिए केंद्र सरकार के द्वारा 465 करोड रुपए की राशि नगर निगम को केंद्रीय सड़क निधि के अंतर्गत दी गई है। इन सड़कों के निर्माण की समीक्षा करते हुए मंत्री के द्वारा कार्य की गति को देखा जाएगा और आने वाले दिनों में जिन सड़कों का निर्माण किया जाना है उनकी प्राथमिकता को निश्चित किया जाएगा।

### बड़ा गणपति ब्रिज की भी होगी समीक्षा

इंदौर विकास प्राधिकरण के द्वारा बड़ा गणपति चौराहे पर फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण किया जाना भी प्रस्तावित है। अभी तक यह निर्माण शुरू नहीं हो पाया है। इस बैठक में इस ब्रिज का निर्माण करने के लिए अभी तक प्राधिकरण के द्वारा की गई तैयारी की भी समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही जिस स्थान पर इस ब्रिज का निर्माण होना है उस स्थान पर से इंदौर नगर निगम के द्वारा पानी और ड्रेनेज के लाइन हटने के कामों की भी समीक्षा होगी।

# महापौर ने ड्रेनेज लाइन के कामों का किया निरीक्षण

## *सुदामा नगर पहुंचकर ठेकेदारों को दिए गुणवत्ता और काम जल्द करने के निर्देश*

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आज सुदामा नगर में ड्रेनेज लाइन डालने के कामों का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ठेकेदार को समय सीमा में काम करने और गुणवत्ता बेहतर रखने के लिए भी निर्देशित किया।

भार्गव ने अपने गृह क्षेत्र वार्ड क्रमांक 82 का निरीक्षण कर चल रहे विकास कार्यों की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ स्थानीय पार्षद शानू शर्मा, जल कार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा (बबलू), नगर निगम अपर आयुक्त आशीष पाठक थे। निरीक्षण के दौरान महापौर ने विभिन्न निर्माण कार्यों का औचक अवलोकन किया। जहां कार्यों की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाई गई, वहां संबंधित ठेकेदारों के कार्यों की जांच के निर्देश दिए गए। महापौर द्वारा अवलोकन के दौरान अमृत 2 के तहत होने वाले कार्यों के लिए अपर आयुक्त को निर्देशित किया गया। क्षेत्र के निवासियों ने कई स्थानों पर टूटे हुए चैंबर और निम्न गुणवत्ता के निर्माण की शिकायत भी दर्ज कराई। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए महापौर ने संबंधित ठेकेदार के कार्यों की जांच कराने और दोषी पाए जाने पर ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए। महापौर ने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# भंडारे में पहुंचे भाजपाई



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** विधानसभा चार से जुड़े भाजपा नेता पिंटू जोगी मित्र मंडल द्वारा खातीवाला टैंक में स्थित खनुजा खेल मैदान में हनुमानजी के जयकारों के साथ भंडारे का आयोजन किया जहां महापौर पुष्यमित्र भार्गव, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष डॉ. निशांत खरे, एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर, पार्षद कमलेश कालरा सहित अन्य भाजपा नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में आयोजन में पहुंचे। पिंटू जोगी के साथ लेखराज जोगी, सुनील सैनी, लक्ष्मीनारायण जोगी सहित अन्य जुड़े रहे।

# दो मंत्रियों के बीच एमवाय और जिला अस्पताल के विकास कार्यों को लेकर चर्चा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

## उपमुख्यमंत्री शुक्ला से मंत्री सिलावट ने की निर्माणाधीन कार्य को जल्द पूर्ण कराने और स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर की बात

मंत्री तुलसीराम सिलावट ने उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के इन्दौर प्रवास के दौरान उनसे स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। सिलावट ने सिंहस्थ महापर्व को देखते हुए एमवाय हॉस्पिटल और जिला हॉस्पिटल के निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करवाने पर भी चर्चा की गई। इन्दौर के अलावा बडी संख्या में बाहर से भी मरीज आते है, इन्हें अच्छा स्वास्थ्य लाभ मिले, कई बार इन सरकारी अस्पतालों में बिस्तरों की कमी के कारण परेशानी आती है, इसलिए निर्माण कार्य जल्द हो। उल्लेखनीय है कि एमवाय हॉस्पिटल में विकास के लिए शासन द्वारा लगभग 775 करोड़ रूपये के विकास कार्यों तथा हॉस्पिटल के उन्नयन एवं मरीजों के स्वास्थ्य सुविधाओं हेतु स्वीकृत किये गए हैं, जिन पर निर्माण कार्य हो रहा है। सिंहस्थ महापर्व 2028 को देखते हुए इन निर्माण कार्यों में गति लाना आवश्यक है। साथ ही धार रोड स्थित सबसे बड़े बनने वाले जिला हॉस्पिटल भवन का निर्माण शीघ्र कराकर मरीजों को बेहतर उपचार मिले, इस हेतु आग्रह किया गया। सिलावट ने सांवेर विधानसभा के लगभग 30 से अधिक सीएचसी-पीएचसी में स्वास्थ्य सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए आगामी वर्षों में सिंहस्थ के दौरान सांवेर तथा धरमपुरी व शिप्रा में स्वास्थ्य सेवाओं को बढाने एवं उनके उन्नयन तथा विकास कार्यों को कराने के लिए जोर दिया। सिलावट ने ग्वालियर स्थित गजराराजे चिकित्सा महाविद्यालय में भी इंदौर की तर्ज पर लगभग 1000 करोड़ रुपये की लागत से स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन एवं विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत करने क़ो लेकर भी चर्चा की।

# कल झलकारी देवी को करेंगे याद

## जनप्रतिनिधियों के समक्ष उठेगी प्रतिमा की मांग

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** वीरांगना झलकारी देवी के बलिदान दिवस पर कल दशहरा मैदान रोड पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रकाश महावर कोली ने बताया कि भावांजलि कार्यक्रम और राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन भी होगा। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मालिनी गौड़, पार्षद योगेश गेंदर को भी अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। राजनेताओं के समक्ष वीरांगना झलकारी देवी की प्रतिमा लगवाने की मांग भी की जाएगी।

# विधानसभा 3 में महिला प्रभारियों की नियुक्तियां अब होगी

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** कांग्रेस ने कल विधानसभा 4 के अलावा विधानसभा 3 में भी वार्ड अध्यक्ष और वार्ड प्रभारियों की नियुक्तियां की। इस विधानसभा में महिला प्रभारियों की नियुक्तियां नहीं हो पाई। इस मामले में शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि विधानसभा के 10 वार्डों में से कुछ महिला प्रभारियों के नाम आगामी दिनों में तय किए जाएंगे। इसलिए विधानसभा 3 के सभी 10 वार्डों के महिला प्रभारियों के नाम की सूची अलग से जारी की जाएगी। मिली जानकारी के मुताबिक विधानसभा 3 के वार्ड 55 अध्यक्ष नितेश वेद गोलू, प्रभारी अंशुल मंडलिक, वार्ड 56 अध्यक्ष अधिकेश जाधवानी, प्रभारी उल्लास निजामपुरकर, वार्ड 57 अध्यक्ष देवेन्द्र जोशी, प्रभारी दिनेश धीमा बाबा, वार्ड 58 अध्यक्ष आशिक कुरैशी, प्रबारी सुरेन्द्र गरूड, वार्ड 59 अध्यक्ष युवराज रघवंशी, प्रभारी अमजद खान, वार्ड 60 अध्यक्ष रेहान अंसारी, प्रभारी अब्दुल जब्बार, वार्ड 61 अद्यक्ष अमूल वर्मा, प्रभारी जयराज प्रधान, वार्ड 62 अध्यक्ष दिनेश सिलावट, प्रभारी कृष्णकांत सोप राजू, वार्ड 63 अध्यक्ष अंकित पंवार, प्रभारी ललित सेठिया, वार्ड 64 अध्यक्ष रवि यादव, प्रभारी मोनेश जायसवाल बनाए गए। अब महिला प्रभारियों के नाम का इंतजार विधानसभा 3 के 10 वार्डों में है।

# कलेक्टर और कमिश्नर बने अध्यापक

## स्कूलों में पहुंचकर विद्यार्थियों को पढ़ाया पाठ

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** स्कूल चले हम अभियान के अन्तर्गत आज वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अलग-अलग शासकीय स्कूलों में पहुंचकर अध्यापन कार्य कराया जा रहा है। इसी कड़ी में आज कलेक्टर शिवम वर्मा बाणगंगा शासकीय अहिल्या आश्रम उच्च माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 में स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत वहां स्कूली ड्रेस में अनुशासित बैठे विद्यार्थियों को शिक्षा का पाठ पढ़ाया। विद्यार्थी भी गदगद थे कि इंदौर के कलेक्टर ने उन्हें आज अध्यापक के रूप में शिक्षा



ग्रहण कराई। इधर इसी स्कूल चले हम अभियान के अन्तर्गत उत्कृष्ट बाल विनय मंदिर स्कूल नेहरू पार्क में संभाग आयुक्त ने पहुंचकर वहां भी विद्यार्थियों को शिक्षा का पाठ पढ़ाया। यहां के विद्यार्थी भी वरिष्ठतम अधिकारी के आने से खुश नजर आए।

# कई लोग नया गैस कनेक्शन लेने पहुंच रहे हैं

## अभी कुछ दिनों के लिए योजना कर रखी है बंद

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**ईरान-इजराइल और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध की स्थिति से कमर्शियल और घरेलू गैस भी प्रभावित है। इधर एलपीजी गैस कनेक्शन लेने की प्रक्रिया वर्तमान में अस्थाई रूप से प्रभावित है, नए गैस कनेक्शन के लिए भी ऑनलाइन पोर्टल को अस्थाई रूप से बंद किया गया है।**

इधर खाद्य आपूर्ति विभाग अधिकारी मोहनलाल मारू ने बताया कि विभागीय स्तर पर कुछ तकनीकी और प्रक्रिया संबंधी कारणों के चलते पोर्टल को अस्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस अवधि के दौरान ई-केवाईसी प्रक्रिया भी स्थगित रहेगी। एक महीने बाद पोर्टल फिर से शुरू किया जाएगा, तब ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी कर नए कनेक्शन जारी किए जाएंगे। जिन उपभोक्ताओं को तत्काल गैस की आवश्यकता है, उनके लिए विभाग द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। ऐसे लोगों को घरेलू उपयोग के लिए 5 किलोग्राम वाले छोटे गैस सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं ताकि उन्हें किसी प्रकार की गंभीर असुविधा का सामना न करना पड़े।

# सगे भाई ने नाबालिग बहन की अस्मत से किया खिलवाड़, गर्भवती होने पर खुला राज

## माता-पिता की अनुपस्थिति में कलयुगी भाई ढहाता था कहर, पुलिस ने दबोचा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

संस्कारधानी कहे जाने वाले इंदौर के रावजी बाजार क्षेत्र में भाई-बहन के पवित्र रिश्ते को कलंकित करने वाला एक रूह कंपा देने वाला मामला सामने आया है। यहाँ एक 22 वर्षीय युवक ने अपनी ही सगी नाबालिग बहन को हवस का शिकार बनाया। दरिंदगी का यह सिलसिला कई दिनों तक चलता रहा, जिसका खुलासा तब हुआ जब किशोरी गर्भवती हो गई। एमवाय अस्पताल से मिली सूचना के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी भाई को सलाखों के पीछे भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार, इस वीभत्स घटना का खुलासा शुक्रवार को हुआ। एमवाय अस्पताल प्रबंधन ने रावजी बाजार थाने को सूचना दी थी कि उपचार के लिए आई एक नाबालिग लड़की करीब डेढ़ माह की गर्भवती है। इस इनपुट पर जब पुलिस टीम अस्पताल पहुँची और पीड़िता से विश्वास में लेकर पूछताछ की, तो सामने आई सच्चाई ने जांच अधिकारियों के भी होश उड़ा दिए। जांच में पता चला कि मूलतः बिहार का रहने वाला यह श्रमिक परिवार पिछले कुछ समय से मोती तबेला इलाके में रह रहा है। परिवार में 7 बच्चे हैं। पिता बैग बनाने का काम करते हैं और माँ एक निजी अस्पताल में कार्यरत है। जब माता-पिता काम के सिलसिले में घर से बाहर होते थे, तब 22 वर्षीय बड़ा भाई अपनी छोटी बहन को अकेला पाकर उसे डराता-धमकाता था और उसके साथ गलत काम करता था। कई बार हुई इस हैवानियत के कारण नाबालिग गर्भवती हो गई। रावजी बाजार थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी भाई के खिलाफ बलात्कार और पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने तत्काल दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# वाशिंग मशीन में छुपाए थे जेवरात, फिर भी ले उड़े चोर

## करीब 25 लाख का सोना हुआ चोरी

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। कनाडिया थाना क्षेत्र के एक सूने फ्लैट को चोरों ने निशाना बनाया और ताला तोडकर जेवरात ले उड़े। खास बात यह है कि फरियादी ने जेवरात को एक थैली में रखकर वाशिंग मशीन के अंदर छुपाए थे, लेकिन फिर भी चोरों की निगाह से नहीं बच सके।**

कनाडिया थाना क्षेत्र के बिचौली मर्दाना स्थित सांई वल्लभ अपार्टमेंट में रहने वाले तनमय कानूनगो के सूने फ्लैट में चोर ने वारदात को अंजाम दिया है। दिन के समय घर बंद होने का फायदा उठाकर बदमाश फ़्लैट में घुसा और सोने की चूड़ियां, अंगूठियां, मंगलसूत्र, चेन समेत कई जेवर चोरी कर ले गया। जेवर घर में वाशिंग मशीन सहित अलग-अलग जगह रखे थे, जिन्हें समेटकर बदमाश फरार हो गया। घटना का पता चलने पर पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास के कैमरे खंगालना शुरू कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि करीब 25 लाख रुपये का सोना चोर ले गए।

# सिलाई कारखाने में भड़की आग मशीनों सहित लाखों का माल खाक

**इंदौर।** केसरबाग रोड स्थित इंद्रलोक कॉलोनी में बीती रात एक दो मंजिला इमारत में संचालित सिलाई कारखाने में भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि देखते ही देखते पहली मंजिल पर रखी मशीनें और तैयार कपड़ा इसकी चपेट में आ गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुँची और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई।

घटना रात करीब 11:56 बजे इंद्रलोक कालोनी की है। जहां पीयूष मंगलानी के दो मंजिला भवन की पहली और दूसरी मंजिल पर कपड़े की सिलाई का काम होता है, जबकि ग्राउंड फ्लोर पर दुकान संचालित है। रात में जब अचानक पहली मंजिल से धुंआ और लपटें उठती दिखीं, तो पड़ोसियों ने तुरंत इसकी जानकारी कारखाना संचालक और फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलते ही मोती तबेला फायर स्टेशन से एसआई संतोष दुबे के नेतृत्व में दमकल की टीम मौके पर पहुँची। संकरी गली और आसपास रिहायशी इलाका होने के कारण एहतियात के तौर पर पड़ोस के मकानों को खाली करवा लिया गया था। फायर फाइटर्स ने करीब 5 हजार लीटर पानी की बौछार कर आग को दूसरी मंजिल और ग्राउंड फ्लोर तक पहुँचने से पहले ही रोक लिया।आग में सिलाई मशीनें, कच्चा माल और तैयार कपड़े जलकर खाक हो गए हैं। इसी तरह चोइथराम मंडी के समीप भी एक किराना और फर्नीचर दुकान में भी आग लग गई। करीब 5 हजार लीटर पानी की मदद से इन दुकानों में लगी आग पर काबू पाया गया।

# मजदूर की मौत मामले में ठेकेदार पर एफआईआर

## बिना सुरक्षा इंतजाम 14 फीट ऊंचाई पर चढ़ाया, गिरकर हुई थी मौत

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**मल्हारगंज थाना क्षेत्र में बीते दिनों एक निर्माणाधीन मकान में पुताई के दौरान हुई मजदूर की मौत के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने मर्ग जांच के बाद पाया कि ठेकेदार ने सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हुए मजदूर को जोखिम में डाला था। पुलिस ने आरोपी ठेकेदार के खिलाफ लापरवाही से मौत का मामला दर्ज कर लिया है।**

घटनाक्रम के अनुसार, 24 नवंबर 2025 की सुबह करीब 11:30 बजे बिजासन रोड स्थित एक साइट पर पुताई का काम चल रहा था। यहाँ अनिल जाटव (22 वर्ष) नामक युवक मजदूरी कर रहा था। काम के दौरान वह करीब 13-14 फीट की ऊंचाई से गिर गया था। उसे गंभीर हालत में एमवाय हॉस्पिटल ले जाया गया, जहाँ इलाज के दौरान उसी रात अनिल ने दम तोड़ दिया था। मल्हारगंज पुलिस की विस्तृत जांच में सामने आया कि ठेकेदार संजीव अहिरवार उर्फ संजीन निवासी बर्फानी धाम) द्वारा भारी लापरवाही बरती गई थी। ठेकेदार ने अनिल को इतनी ऊंचाई पर बिना किसी हेलमेट, बेल्ट या सुरक्षा जाली के काम करने के लिए मजबूर किया था। जांच रिपोर्ट के अनुसार, अनिल को एक असुरक्षित बांस की सीढ़ी पर चढ़ाया गया था, जहाँ से संतुलन बिगड़ने के कारण वह सीधे सिर के बल नीचे गिरा और उसे जानलेवा चोट आई। मल्हारगंज पुलिस ने मर्ग जांच के तथ्यों के आधार पर आरोपी ठेकेदार संजीव अहिरवार के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया है।

# एजुकेशन पोर्टल की त्रुटि से व्यायाम निर्देशकों में रोष

## 3200 ग्रेड पे वाले व्यायाम निर्देशकों को पोर्टल बता रहा वर्ग-3, उठी सुधार की मांग

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** .मध्यप्रदेश शासन द्वारा हाल ही में लागू किए गए एजुकेशन पोर्टल 3.0 में व्याप्त तकनीकी विसंगतियों को लेकर इंदौर संभाग के व्यायाम निर्देशकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पोर्टल पर व्यायाम निर्देशक, जिला क्रीड़ा निरीक्षक एवं सहायक संचालक क्रीड़ा जैसे महत्वपूर्ण पदों का विकल्प न होने पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। हायर सेकेंडरी स्कूलों में व्यायाम निर्देशक, जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में जिला क्रीड़ा निरीक्षक तथा संयुक्त संचालक कार्यालयों में सहायक संचालक



(क्रीड़ा) के पद विधिवत स्वीकृत वर्षों से है और इन पदों पर लोक सेवक कार्यरत भी हैं। इसके बावजूद एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर इन अधिकारियों और कर्मचारियों के नाम के समक्ष 'वर्ग-3' प्रदर्शित किया जा रहा है, जो कि पूरी तरह त्रुटिपूर्ण है। जिला क्रीड़ा निरीक्षक खरगोन हबीब बेग मिर्जा, पूर्व जिला क्रीड़ा प्रभारी घनश्याम करोले इंदौर ने बताया कि एजुकेशन पोर्टल पर सहायक शिक्षक, उच्च श्रेणी शिक्षक और व्याख्याता संवर्ग के पद तो दिखाई दे रहे हैं, लेकिन व्यायाम निर्देशक का स्वतंत्र पद गायब है। ग्रेड पे 3200 वाले नियमित व्यायाम निर्देशकों को वर्ग-3 की श्रेणी में दिखाए जाने के कारण कर्मचारी अपनी जानकारी पोर्टल पर अपलोड नहीं कर पा रहे हैं। गलत श्रेणी में जानकारी दर्ज करने से भविष्य में क्रमोन्नति, पदोन्नति और पेंशन प्रकरणों में बड़ी समस्या उत्पन्न होगी समस्त व्यायाम निर्देशकों ने आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश भोपाल और संयुक्त संचालक लोक शिक्षण इंदौर संभाग इंदौर से मांग की है कि पोर्टल पर व्यायाम निर्देशक (ग्रेड पे 3200), जिला क्रीड़ा निरीक्षक एवं सहायक संचालक क्रीड़ा के पद अविलंब जोड़े जाएं। प्राचार्य, जिला शिक्षा अधिकारी और संयुक्त संचालक को पोर्टल पर सुधार के अधिकार दिए जाएं ताकि वे अपने अधीनस्थ कार्यरत इन संवर्गों के पदनाम में सुधार कर व्यवस्थित एंट्री सुनिश्चित कर सकें। वरिष्ठ व्यायाम निर्देशक अनिल गौड एवं रजत रोज ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया कि शीघ्र ही एक प्रतिनिधिमंडल आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश भोपाल से मिलकर उन्हें सामूहिक ज्ञापन सौंपेगा। साथ ही सभी कर्मचारी अपना व्यक्तिगत अभ्यावेदन जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से आयुक्त लोक शिक्षण, भोपाल को भेजेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से हेमंत वर्मा, महेंद्र मेराल, अनिल गौड़, अनिता भारती, मीना शेंडगे सहित संभाग के अनेक व्यायाम निर्देशक उपस्थित थे।

# उल्टी दस्त के इलाज में पकड़ में आई जानलेवा बीमारी

## महिला ने हिम्मत और हौसले से लड़ी जंग, सरकार ने की इलाज की व्यवस्था

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**भागीरथपुरा में जब दूषित पानी सप्लाई करने के कारण बड़ी संख्या में लोगों को उल्टी दस्त की शिकायत होने लगी तो एक महिला को भी यह शिकायत हुई। इसके इलाज के दौरान इस महिला की जानलेवा बीमारी पकड़ में आई। इसके बाद इस महिला ने हिम्मत और हौसले से बीमारी से जंग लड़ी। सरकार ने इस महिला के इलाज की व्यवस्था की।**

प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग के द्वारा अपनी सफलता की नई कहानी का पूरे प्रदेश में प्रचार किया जा रहा है। विभाग के अधिकारियों के द्वारा यह जानकारी दी जा रही है कि 27 दिसंबर को इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित जल के कारण 67 वर्षीय पार्वतीबाई बीमार हो गई थीं। उन्हें तत्काल शेल्बी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। वहां उनकी हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों के द्वारा उन्हें आईसीयू में रखा गया था। जब हालत बिगड़ने लगी तो फिर इस महिला को बांबे अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया। वहां पर यह महिला



16 दिन तक वेंटिलेटर पर रही और 22 दिन तक आईसीयू में रही। इस दौरान महिला की जांच में यह स्पष्ट हुआ कि वह जीबीएस बीमारी की शिकार है। इस बीमारी को गिलियन बेरी सिंड्रोम कहा जाता है। इसे जानलेवा बीमारी माना जाता है। इस बीमारी के कारण इस महिला के शरीर के एक हिस्से में लकवा भी हो गया।

इस स्थिति के बाद भी इस महिला ने अपने बुलंद हौसले के साथ जिंदगी की जंग को जारी रखा। राज्य सरकार की ओर से भागीरथ पुरा की घटना से पीड़ित लोगों के उपचार की व्यवस्था की गई थी। निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती मरीज के इलाज का खर्च भी सरकार के द्वारा उठाया जा रहा था। इस कड़ी में सरकार ने इस महिला के इलाज पर 20 लाख रुपए खर्च किए। हाल ही में इस महिला को मुंबई हॉस्पिटल से छुट्टी देकर उसके घर भेजा गया है। इस महिला ने अस्पताल में रहते हुए तो अपने इलाज की जंग बुलंद हौसलों से जीत ली है। अब घर में परिवार के बीच में रहकर इस महिला को इस जंग को आगे जीतना है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के द्वारा यह बताया जा रहा है किस तरह से राज्य सरकार के प्रयास के कारण भागीरथपुरा की निचली बस्ती में रहने वाली महिला की जानलेवा बीमारी का इलाज हो सका है।




# आयुक्त ने फिर निरीक्षण में अधिकारियों की ली खबर

## सीएसआई की विभागीय जांच, स्वास्थ्य अधिकारी का कटेगा वेतन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

नगर निगम आयुक्त शिक्षित सिंघल ने कल झोन क्रमांक 2 एवं 12 के विभिन्न वार्ड क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। आयुक्त द्वारा मधु मिलन चौराहा, गणगौर घाट, मुंबई बाजार, मच्छी बाजार, चंद्रभागा पुल व, राज मोहल्ला, जिंसी चौराहा आदि क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। आयुक्त द्वारा मुंबई बाजार क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में सफाई कार्य ठीक नहीं होने पर क्षेत्रीय दरोगा को फटकार लगाते हुए, सफाई कार्य सुचारू रूप से करने एवं कार्य में सुधार करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही चंद्र भागा पुल के पास विगत रात्रि में आयोजित सार्वजनिक कार्यक्रम के पश्चात कचरा गंदगी नाले किनारे डालने पर संबंधित के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। आयुक्त द्वारा झोन क्रमांक 02 एवं 12 अंतर्गत मच्छी बाजार, मुंबई बाजार क्षेत्र, चंद्रभागा पुल, कलाल कुई मस्जिद क्षेत्र में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं मिलने के साथ ही बार-बार समझाइश देने के पश्चात भी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुधार नहीं करने पर झोन क्रमांक 02 एवं 12 सीएसआई के विरुद्ध विभागीय जांच के निर्देश दिए गए तथा स्वास्थ्य अधिकारी का 03 दिवस का वेतन काटने के भी निर्देश दिए गए। आयुक्त द्वारा कंडीलपुरा, जिंसी इतवारिया सब्जी मंडी क्षेत्र में भी सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में सफाई व्यवस्था ठीक नहीं होने एवं सब्जी मंडी, दुकान क्षेत्र में दुकानों के बाहर डस्टबिन नहीं लगा होने पर क्षेत्रीय दरोगा का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए गए।

# पृथ्वीराज चौहान की लगेगी 14 फीट ऊंची प्रतिमा

## 2000 किलो की प्रतिमा ग्वालियर से बनकर आई, 12 जून को लोकार्पण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

राजपूत समाज की मांग पर शहर में अब पृथ्वीराज चौहान की 14 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की जाएगी। यह प्रतिमा ग्वालियर से बनकर आ गई है। इस प्रतिमा का वजन 2000 किलो का है। इसका लोकार्पण 12 जून को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों कराने की तैयारी की जा रही है।

राजपूत समाज के द्वारा पिछले काफी दिनों से यह मांग उठाई जा रही थी कि इंदौर शहर में राजपूत समाज के वीर और देश के महापुरुष पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा की स्थापना की जाए। इसके लिए पृथ्वीराज चौहान प्रतिमा स्थापना समिति का गठन भी किया गया था। इस समिति के अध्यक्ष मुकेश चौहान ने बताया कि राज्य सरकार इंदौर नगर निगम के सहयोग से अब कल शुक्रवार को पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा स्थापना के लिए इंदौर आ गई है। यह प्रतिमा ब्रांज की बनाई गई है। प्रतिमा का वजन 2000 किलो है। यह 14 फीट ऊंची प्रतिमा है जिसमें की घोड़े पर सवार पृथ्वीराज चौहान नजर आ रहे हैं। इस प्रतिमा की स्थापना निरंजनपुर चौराहे पर की जाएगी। कल प्रतिमा के आगमन के मौके पर विधायक रमेश मेंदोला और भाजपा के अन्य नेता पहुंच गए थे। निरंजनपुर चौराहे पर स्थित बगीचे का विकास करते हुए उस बगीचे में ही इस प्रतिमा को लगाने की योजना है। पृथ्वीराज चौहान के जन्मदिवस के अवसर पर 12 जून को इस प्रतिमा के लोकार्पण का कार्यक्रम निश्चित किया जा रहा है। राजपूत समाज के द्वारा यह कोशिश की जा रही है कि इस प्रतिमा के लोकार्पण के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इंदौर आएं। संघर्ष समिति के सदस्यों ने बताया कि समिति के द्वारा इंदौर नगर निगम से यह भी मांग की गई है कि निरंजनपुर चौराहे पर बनाए जा रहे फ्लाईओवर ब्रिज का नामकरण भी पृथ्वीराज चौहान के नाम पर किया जाएं। यह इंदौर शहर में तीसरी ऐसी प्रतिमा है जिसमें की घोड़े पर सवार महापुरुष है। इसके पहले शिवाजी वाटिका चौराहे पर छत्रपति शिवाजी और महूनाका चौराहे पर महाराणा प्रताप की घोड़े पर सवार प्रतिमा शहर में लगी हुई है।

## मानव सेवा वाहन से जरूरतमंद और लावारिस व्यक्तियों को लाभ

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )। जिला प्रशासन द्वारा शुरू की गई 'मानव सेवा वाहन' (एम्बुलेंस) से जरूरतमंद, लावारिस एवं असहाय व्यक्तियों की सेवा की जा रही है। इससे विभिन्न सामाजिक और मानवीय सेवाएं निःशुल्क प्रदान की जा रही है। इनमें मुख्य रूप से लावारिस शवों का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार, सड़कों व गलियों में मिले लावारिस शवों का रेस्क्यू, ट्रेन/ट्रैक दुर्घटनाओं में मृत व्यक्तियों का रेस्क्यू, लावारिस मानसिक रोगियों का उपचार एवं सहायता, बेसहारा एवं बीमार बुजुर्गों की मदद, दुर्घटनाओं में गंभीर घायलों को निःशुल्क अस्पताल पहुंचाना जैसे मानवीय सेवाएं शामिल है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य हर लावारिस एवं जरूरतमंद व्यक्ति को सम्मानजनक सहायता और जीवन का सहारा प्रदान करना है। इसके लिए 9039759700 तथा 9826022033 मोबाईल नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

*ट्रेंचिंग ग्राउंड पर तय मात्रा से कम पहुंच रहा कचरा, सेग्रीगेशन एजेंसी ने नगर निगम को किया सचेत*

# कचरा गाड़ी को बना दिया कबाड़ गाड़ी

## वाहन से ही सूखा कचरा हो रहा रफा-दफा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। नगर निगम की कचरा गाड़ियां वर्तमान में कबाड़ बेचने वाली गाड़ियां बनी हुई है। निगम की 560 कचरा गाड़ियां प्रतिदिन पूरे शहर से लगभग साढे 1350 टन सूखा और गीला कचरा उठाती है, जिसमें सूखे कचरे की मात्रा प्रतिदिन 500 से 600 टन रहती है। यह गाड़ियां लगातार 24 घंटे शहर के आवासीय और कमर्शियल बाजारों में वेस्ट कलेक्शन कर रही है, वर्तमान में यह मात्रा कम हो चुकी है जिसको लेकर वेस्ट सेग्रीगेशन प्लांट संचालित करने वाली कंपनी ने सवाल उठाए हैं और संकेत दिए हैं कि सिस्टम में कुछ खामी है जिसकी जांच कराई जानी चाहिए।

साल 2016 में नगर निगम द्वारा शहर के अलग-अलग वार्डो से वेस्ट कलेक्शन की व्यवस्था बनाई गई थी इस दौरान गीला और सूखा कचरा अलग-अलग बिन बनाकर कचरा गाड़ी का संचालन शुरू किया गया। साल 2023 तक सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से चल रही थी लेकिन सिस्टम में धीरे-धीरे खामियां पैदा होने लगी है, वर्तमान में यह चरम पर दिखाई दे रही है। नगर निगम की कचरा गाड़ियों पर सूखे कचरे से निकलने वाले कबाड़ को रफा-दफा करने के आरोप लग रहे हैं। नगर निगम को शिकायत मिली है की बड़ी संख्या में सूखे कचरे से कबाड़ निकाल कर बेचा जा रहा है। कचरा कलेक्शन गाड़ी पर काम करने वाले हेल्पर और ड्राइवर कचरा कलेक्शन के बाद ही इसमें से कबाड़ का सामान निकाल कर कबाड़ियों को दे रहे हैं।

निगम को शिकायत मिली है कि गाड़ियों से कलेक्शन होने के बाद प्रत्येक कॉलोनी में ऐसे स्थान बनाए गए हैं जहां पर सूखे कचरे का कलेक्शन कर अलग करके कबाड़ियों के लिए पॉइंट तैयार कर दिए गए हैं। इस पॉइंट पर आकर कबाड़ी हर दिन निगम के ड्राइवर और हेल्पर से कचरा कलेक्ट करके प्रतिमाह भुगतान कर रहा है। इस काम में मिली भगत एनजीओ के कर्मचारी भी कर रहे हैं। क्योंकि कचरा गाड़ी की पूरी मॉनिटरिंग करने की जिम्मेदारी एनजीओ को सौंपी गई है। इसके अलावा नगर निगम के आईटी कंट्रोल रूम की मॉनिटरिंग पर भी इस शिकायत और आरोप के बाद सवाल खड़े होते हैं कि उनके द्वारा जीपीएस मॉनिटरिंग किस तरह से की जा रही है क्योंकि सभी कचरा गाड़ियों में जीपीएस लगा होने का दावा किया जाता है लेकिन अगर मॉनिटरिंग सही की जा रही है तो कचरा गाड़ी किस स्थान पर कितनी देर रुक रही है इसका विश्लेषण होना चाहिए। फिलहाल गली- मोहल्ले में इस तरह की कचरा पॉइंट निगम कर्मचारी और एनजीओ की मिली भगत से तैयार हो रहे हैं। कचरा गाड़ियों के वेस्ट कलेक्शन के दौरान बनी इस कबाडी अर्थव्यवस्था पर नगर निगम के स्वच्छता नियंत्रित कर्ता अधिकारियों की भी मॉनिटरिंग नहीं है, केवल ऊपरी तौर पर ही अधिकारी मॉनिटरिंग कर रहे हैं लेकिन असली जमीनी व्यवस्थाएं किस तरह से धराशायी हो रही है उसका यह एक उदाहरण सामने आया है। फिलहाल नगर निगम अधिकारियों ने इस मामले की जांच गोपनीय रूप से करवाने की बात कही है।

# पंक्ति में खड़े अंतिम श्रद्धालु तक को मिलेगा बाबा रणजीत का भंडारा प्रसाद

**7 अप्रैल को होगा आयोजन, सोमवार होगा भट्टी पूजन**
**80 हजार भक्तों के लिए चलित भंडारे की रहेगी व्यवस्था**

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**प्राचीन रणजीत हनुमान मंदिर पर 7 अप्रैल को भंडारा आयोजित किया जाएगा। इसके लिए तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। करीब 80 हजार भक्तों के लिए प्रसादी तैयार की जाएगी। चलित भंडारे के लिए पंक्ति खड़े अंतिम व्यक्ति तक को प्रसादी मिलने तक भंडारा देर रात तक चलेगा।**



रणजीत हनुमान मंदिर पर साल में दो बार भंडारे का आयोजन किया जाता है। एक आंवला नवमी को और दूसरा हनुमान जन्मोत्सव के बाद आने वाले मंगलवार को, जो इस बार 7 अप्रैल को आयोजित होगा। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित दीपेश व्यास ने बताया कि करीब 80 हजार भक्तों के लिए प्रसादी तैयार जाएगी। महिला-पुरुषों की अलग-अलग लाइन लगाई जाएगी। श्रद्धालुओं को 4 पूड़ी,सब्जी, नुक्ति एवं भजिए का प्रसाद डिस्पोजेबल पैकेट में दिया जाएगा,जिसके बाद वे पैकेट को बंद कर अपने साथ ले जा सकते हैं या परिसर के बाहर खड़े होकर खा भी सकते हैं। 6 अप्रैल की सुबह भट्टी पूजन के साथ भंडारे की प्रसादी बनना शुरू हो जाएगी। अलग-अलग जगह से सब्जियां मंदिर परिसर में आएगी। जिसके बाद महिला मंडल की सदस्यों द्वारा सब्जियों को कट किया जाएगा। वहीं दूसरी तरफ नुक्ति का प्रसाद बनना शुरू हो जाएगा। रामभाजी मंगलवार ही बनाई जाएगी। 7 अप्रैल को भगवान को भोग लगाकर व आरती के बाद शाम 6.30 बजे से भंडारे की शुरुआत हो जाएगी।

### 80 क्विंटल आटा और 90 डब्बे घी लगेगा

पुजारी पं. व्यास ने बताया कि प्रसादी में पुड़ी, रामभाजी, नुक्ति व भजिए का प्रसाद दिया जाएगा। इसे तैयार करने में 80 क्विंटल आटा, 15 क्विंटल बेसन, 90 डिब्बे शुद्ध घी और 200 डिब्बे मूंगफली के तेल का उपयोग कर प्रसादी तैयार की जाएगी।

## ‘दिव्यांग सेवा रत्न’ सम्मान

### विशेष शिक्षकों और केयर गिवर्स के सेवाभाव को मिला सम्मान

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विश्व ऑटिज्म जागरूकता दिवस पर सामाजिक न्याय विभाग के सहयोग से विशेष बच्चों के लिए कार्यरत संस्था अरुणाभ ने विशेष शिक्षकों और केयर गिवर्स को उनके उत्कृष्ट सेवाभाव, समर्पण और योगदान के लिए 'दिव्यांग सेवा रत्न' सम्मान से सम्मानित किया। स्वाति धारे, विनय पिंगले, पवन चौहान, शैलेन्द्र सोलंकी अतिथि थे। संचालन प्रिया देवरारी, आभार व्यंकटेश कट्टी ने किया। विशेष बच्चों ने म्यूजिक बैण्ड पर कीर्तन की प्रस्तुति दी। विशेष बच्चों द्वारा संचालित कैफे में परोसे गए गरमा-गरम स्नैक्स ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया।

## शिक्षक और सेवादारों का सम्मान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

संस्था अरुणाभ ने विशेष शिक्षक और सेवादारों को सेवा समर्पण पर दिव्यांग सेवा रत्न सम्मान से अनामिका जैन, सोनाली मजूमदार, सीमा त्रिवेदी, चिंकी भाटिया और सेवादार जानकीलाल नैनोदिया, सेविका आशा भागवत, पिंकी शेरावत, सुमति सिंह को सम्मानित किया। शैलेन्द्र महाजन, ज्योति पारखी, पवन चौहान, विनय पिंगले, स्वाति धारे मौजूद थे।



## पंचकल्याणक में घटयात्रा और ध्वजारोहण

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

दिगंबर जैन चंद्रप्रभु जिनालय मल्हारगंज में विराजित होने वाली 24 रजतमयी प्रतिमाओं के पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरूआत में संत विमल सागर म.सा., अनन्त सागर म.सा. के सानिध्य में घटयात्रा एवं श्रीजी की शोभायात्रा और ध्वजारोहण से हुई। घटयात्रा आदिनाथ जिनालय छत्रपति नगर से प्रारंभ होकर अग्रसेन नगर महावीर बाग होती हुई महोत्सव स्थल दलाल बाग पहुंची। यात्रा में मुनि संघ और जैन समाजजन मौजूद थे। कीर्तन पर नृत्य भी किए गए। ध्वजारोहण होते ही ध्वजा फहराई गई। राजेश जैन, आकाश दीपिका कोल, अनिल आरती जैनको, राजेश अल्पना लारेल, राजेन्द्र संध्या जैन, विनय भय्या बंडा, एमके जैन, भरतेश बड़कुल, शरद रावत, हेमंत मोदी, राकेश चेतक, डॉ. जैनेंद्र जैन, भूपेंद्र जैन, कमल जैन, अरविंद अखिलेश सोधिया, श्रुत जैन, मुक्ता, रजनी, संमता सोधिया उपस्थित थे।



## हर्ष राठौर बने अध्यक्ष



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सकल पंच राठौर समाज के अध्यक्ष ललित राठौर ने युवा संगठन अध्यक्ष पद पर लक्की राठौर, हर्ष को नियुक्त किया तो समाजजनों ने बधाई दी।

## व्यक्तित्व विकास शिविर

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

समाजसेवा प्रकोष्ठ ने बालिकाओं के लिए तीन दिवसीय समग्र व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन आष्टांग आयुर्वेद कॉलेज में किया। प्रो. भूलेश्वर दुबे, उपप्राचार्य डॉ. नाइक, ब्रजेश कानूनगो, शोभा वैद्य ने सार्थक उद्बोधन दिए। विजय सुपेकर ने गीत और योगाचार्य ने बाला चैतन्य ने योगासन कराया। इस अवसर पर आलोक खरे, सुबोध भौरासकर, अविनाश कुलकर्णी, अशोक कापड़नीस, वर्षा पाठक, प्रदीप तिवारी, अशोक सिसोदिया, चंद्रेश ठक्कर, कुमुद कानूनगो, सपना देव, नरेंद्र चैतन्य, श्याम पाण्डे, वर्षा पाठक मौजूद थे।



## पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा लगने के लिए आई तो खुशी का इजहार



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** ग्वालियर से बनकर देश के वीर पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा देवासनाका पर स्थापित होने के लिए पहुंच गई है। इस प्रतिमा के देवासनाका पहुंचने से राजपूत समाजजनों की अलग-अलग संस्थाओं के पदाधिकारी और समाजजनों में खुशी छाई हुई है। खुशी का इजहार धर्मेन्द्रसिंह गौतम, ठाकुर जगदीश सिंह, बाला ठाकुर, मुकेश सिंह गौतम, भगवानसिंह बुंदेला, दरबारसिंह बुंदेला, जाहरसिंह परमार, जितेन्द्रसिंह बुंदेला, विनोदसिंह चौहान, वीरसिंह चौहान, विक्रमसिंह चौहान, धर्मेन्द्रसिंह चौहान, गोविंदसिंह पंवार, बाला ठाकुर ने किया है।

## सात रेस्टोरेंट से लिए जांच नमूने

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा उपभोक्ताओं की शिकायत के बाद सात रेस्टोरेंट पहुंचकर अधिकारियों ने वहां से खाद्य के नमूने लिए। एक उपभोक्ता से फोन पर चर्चा कर रेस्टोरेंट की अव्यवस्था पर संज्ञान लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों के दल द्वारा हार्ड कैसल रेस्टोरेंट प्राइवेट लिमिटेड (मैकडॉनल्ड), ए.बी. रोड, राजेंद्र नगर, राऊ का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शिकायतकर्ता द्वारा बताई गई खाद्य सामग्री के आधार पर वेज पिज्जा मैक पफ, बर्गर बन तथा एडिबल आइस (खाद्य बर्फ) के नमूने जांच हेतु संकलित किए गए। इसी क्रम में श्री कृष्ण फूड कंपनी (ओये पाप्पे फैमिली रेस्टोरेंट), ए.बी. रोड, राजेंद्र नगर का निरीक्षण कर पनीर, तुअर दाल, राजमा एवं चावल के कुल 04 नमूने जांच हेतु लिए गए। कुल सात नमूने लिए जो जांच के दायरे में है।



## शुभंकर लोगों का लोकार्पण आज शाम

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** अभिनव कला समाज के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत संस्था के शुभंकर लोगो का लोकार्पण आज शनिवार की शाम 5 बजे अभिनव कला समाज सभागृह में गोस्वामी गोकुलोत्सव महाराज, नृत्य गुरु पुरू दाधीच की मौजूदगी में होगा। प्रारंभ में सुनील मसूरकर, डॉ. आशीष पिल्लई के प्रशिक्षार्थियों द्वारा प्रस्तुतियां भी दी जाएगी।



## श्याम महिला मंडल का आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बाबा नगर श्याम महिला मंडल ग्रुप द्वारा सुंदरकांड राम भक्त मंडल ने किया। पार्षद राकेश जैन, शारदा ब्रजेश सोनी, ममता चकोटिया, वंदना, किरण, नीरज, निर्मला ने हिस्सा लिया।

# अग्रमंच ने किया सकोरों का वितरण

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

**'संस्था अग्रमंच' द्वारा बढ़ती भीषण गर्मी में मूक पक्षियों के संरक्षण के लिये मिट्टी के सकारों एवं अनाज के पैकेट्स का वितरण अग्रसेन चौराहा पर किया गया।**



आशीष गोयल, शैलेष गर्ग,दीपिका गोयल, राजेश बंसल, मृदुल अग्रवाल,शिल्पा केड़िया ,संजय कुमुद बिंदल,मोनिका गोयल,चंचल गोयल, मोना शैलेश अग्रवाल, संगीता अग्रवाल, विनिता गुप्ता, आहुति मित्तल,बंटी हंसा अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

## इस्तकबाल का आयोजन किया



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** चन्दन नगर आमवाला रोड नूरानी मोहम्मदी मस्जिद के सदर मोहम्मद हुसैन, आशिफ इरफ़ान, जुगनू, रमजान, मस्जिद के इमाम साबिर अली मिस्बाइ ने नूरानी नगर कब्रिस्तान कमेटी के सदर हाजी इमामुद्दीन तिगाला, इकबाल हुसैन, नूर मियां, कांच वाले साकिर, इसरार नल वाले, अनवर खान का इस्तकबाल किया।

## 'वयम' समूह चित्रकला प्रदर्शनी



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** स्कूल ऑफ फाइन आर्ट्स, आई.पी.एस. अकादमी की समूह चित्रकला प्रदर्शनी 'वयम' इस वर्ष इंदौर की देवलालीकर कला वीथिका में आयोजित की गई। कल के बाद आज भी प्रदर्शनी जारी है। शुभारम्भ अवसर पर अतिथि श्रेयस गोखले, विभागाध्यक्ष नवीना गंजू, मीरा गुप्ता, अचल चौधरी, अमित गंजू मौजूद थे।

# वरघोड़ा में जैन समाजजन रहे मौजूद

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** समता भवन यशवंत निवास रोड पर दीक्षार्थी विनुषी भंडारी के लिए दो दिवसीय आयोजन की शुरुआत हुई। आदित्य मुनि म.सा. श्रीकांता श्रीजी म.सा. आदिठाणा ने प्रवचन भी दिए। प्रसादी का आयोजन भी हुआ। साधुमार्गी जैन समता संघ के तत्वावधान में कल सुबह के बाद शाम को भी आयोजन हुए। आज सुबह जावरा कम्पाउण्ड निवास से वरघोड़ा निकाला गया। रवीन्द्र नाट्यगृह में दीक्षार्थी विनुषी का अभिनंदन आयोजन किया जा रहा है। गायक धैर्य राठौर, वीरु शर्मा ने रवीन्द्र नाट्यगृह में कल भजनों की प्रस्तुति दी। पारस बोहरा, पिंकेश पगारिया, वीरेन्द्र-शीतल भंडारी, सुजानमल वोरा, रतनलाल खिन्दावत, चित्रेश मेहता, तेजकुमार तांतेड, ललित दुग्गड़, संतोष कटारिया, हर्ष वोरा, प्रदीप बम्बोरिया, अजय चौरड़िया, अशोक पीतलिया, सुभाष गोखरू एवं संदीप आंचलिया मौजूद थे। कई राजनेता भी अलग-अलग कार्यक्रम में पहुंचे।

## सद्भावना के लिये यज्ञ होगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** विश्व शांति और सद्भावना के लिये सभी आर्य समाजों द्वारा 5 अप्रेल को अपने-अपने क्षेत्रों में विश्व शांति यज्ञ करने का निश्चय किया गया है। इसी तारतम्य में आर्य समाज महू द्वारा रविवार को सुबह साढ़े आठ बजे विश्व शांति यज्ञ किया जायेगा। प्रकाश आर्य, राधेश्याम बियाणी, श्रीधर गोस्वामी, द्रोणाचार्य दुबे आयोजन से जुडे है।

## पण्डित थीम पर पार्टी आयोजित



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** नवरंग ग्रुप ने पंडित थीम पर पार्टी आयोजित की। अलग-अलग पण्डित के रूप में तैयार होकर किरदार पहुंचे, प्रतियोगी गैम भी पण्डित के नाम से खिलवाए गए।

## 'कला के रंग' प्रदर्शनी का आयोजन होगा

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** क्रिएट स्टोरीज सोशल वेलफेयर सोसाइटी' द्वारा विश्व कला दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय कला प्रदर्शनी 'कला के रंग' का आयोजन 11 और 12 अप्रैल को कैनरीज़ आर्ट गैलरी में सुबह 11:30 से शाम 7 बजे तक आयोजित होगी। दीपक शर्मा ने बताया कि देशभर के 61 प्रतिभावान कलाकारों की चुनिंदा कलाकृतियों को प्रदर्शित किया जाएगा और यह ओपन थीम पर आधारित है।

# 'ए प्यार तेरी पहली नजर को सलाम'

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पुष्पा- कृष्णअवतार राठी की स्मृति में 5 अप्रैल को शाम 6 बजे से जाल सभागृह में 'ए प्यार तेरी पहली नजर को सलाम' शीर्षक से संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। रमेश माहेश्वरी चितलांग्या, श्याम माहेश्वरी, महेश पलोड ने बताया कि पुराने फिल्मी गीतों की प्रस्तुति मधु मुकेश, आशा निसगंध, सिंगर महेश पलोड़, अशोक पांचाल, जयमाला लाड, सीए पंकज सेठी, अवधेश पाल, सुनील सोलंकी, संगीत गुरु सुनील बकावले 'सर', राजेश शर्मा, सुषमा पलोड़, नेहा पंवार देंगे।

## अरोडा का करनाल में सम्मान

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

हरियाणा के करनाल में एंटी करप्शन फाउंडेशन गवर्नमेंटऑफ़ इंडिया द्वारा 22 राज्यों के पदाधिकारी और सदस्यों की मौजूदगी में सेमिनार आयोजित किया गया। इन्दौर के संजय अरोडा का सम्मान किया गया। राकेश अरोड़ा, रितिक अरोड़ा, नवदीप अरोड़ा सहित अन्य मौजूद थे।



## रोड ओवर ब्रिज निर्माण हेतु भूमि पूजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राजेंद्र नगर एवं लोकमान्य नगर स्टेशन के मध्य प्रस्तावित रोड ओवर ब्रिज निर्माण कार्य का भूमि पूजन का आयोजन 5 अप्रैल की सुबह 10 बजे से आयोजित होगा। जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहेंगे।

# भगवा ऑटो रिक्शा चालक संघ पदाधिकारियों की बैठक

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

भगवा ऑटो रिक्शा चालक संघ, पदाधिकारियों की बैठक में कार्यों की समीक्षा की गई। आगामी योजनाओं, सदस्य हितों, सामाजिक जिम्मेदारियों तथा संगठन की कार्यशैली को और अधिक प्रभावी बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि संगठन आटो चालकों की अधिरक्षा के साथ समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी निभा रहा है। चालक का व्यवहार, अनुशासन भी ग्राहकों के लिए सकारात्मक रहना चाहिए, संघ के सभी सदस्य किसी भी प्रकार के शराब, नशीले पदार्थ या अन्य मादक द्रव्यों के सेवन से पूर्णतः दूर रहें तथा नशे की



अवस्था में वाहन संचालन किसी भी स्थिति में न करें। अध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि नशे की स्थिति में वाहन चलाना स्वयं चालक, यात्रियों तथा आमजन की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है, इसलिए इस विषय में संगठन किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं करेगा। रिक्शा निर्धारित गति से ही चलाई जाएं, यातायात नियमों का पालन किया जाए, क़ई मुद्दों पर चर्चा हुई। वीरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, अनिल साहू, केशव शर्मा, दिनेश क्षीरसागर, सुनील मेहता, विकास टिकलिया, इंदर सिंह चौहान, पन्नालाल बिंदौलिया,राजेश इंचुलकर, कमल चौहान, सुनील साहू, संजय साहू, कमलसिंह राठौर,नानूराम झरने,महिमाराम सावले, महेश यादव उपस्थित रहे।

## ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए व्यक्तित्व विकास की कक्षाएं

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** कनाडिया रोड स्थित बुराना खेडी में पुष्पा पिसोलकर पारमार्थिक फाउंडेशन की ओर से व्यक्तित्व विकास की निशुल्क कक्षाओं का शुभारंभ किया गया। डॉ. प्रतीक श्रीवास्तव, आर.के. काबरा, अरुण मित्तल, तरुणा अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।



# खजराना ब्रिज पर लंबे समय से फैला है जिम्मेदारों की लापरवाही का अंधेरा

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** खजराना ब्रिज पर लंबे समय से निगम के विद्युत विभाग से जुड़े जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की अनदेखी और लापरवाही से फ्लाई ओवर पर अंधेरा छाया हुआ है। हालत यह है कि फ्लाई ओवर पर रोबोट चौराहे की ओर से आने वाले साइड की मंदिर वाली साइड के बड़े हिस्से में करीब 30 से ज्यादा लाइटिंग पूरी तरह से बंद पड़ी है। जिसके कारण पूरे ब्रिज पर अंधेरा छाया हुआ है। यही नहीं जबकि वर्तमान में रेडिसन से खजराना चौराहा तक के बीच के बड़े हिस्से में जगह-जगह मेट्रो का काम भी इन दिनों रात - दिन तेजी के साथ चल रहा है। ऐसे में वर्तमान में यहां मेट्रो के हिस्से में प्रबंधन द्वारा की गई रोशनी की वजह से वाहन चालकों को थोड़ी बहुत राहत है।

## *ढाई करोड़ की लागत से बने भव्य खजराना गणेश द्वार की भी बंद पड़ी है लाइटिंग*

*यही नहीं ब्रिज पर आधी से ज्यादा लाइटिंग तो बंद पड़ी है। दूसरी ओर खजराना मंदिर जाने वाले मार्ग पर निगम द्वारा करोड़ों की लागत से बने भव्य प्रवेश द्वार की भी लाइटिंग लंबे समय से बंद पड़ी है। जिसके कारण लगभग ढाई करोड़ की लागत से बना भव्य प्रवेश द्वार भी लंबे समय से अंधेरे में डूबा हुआ है। जिससे एक तरफ खजराना फ्लाई ओवर की लाईटिंग में खराबी होने पर ब्रिज पर अंधेरा छाया है तो वहीं मंदिर जाने वाले मुख्य प्रवेश द्वार पर लगाई सजावटी लाईटिंग के भी इतने समय से बंद होने से मंदिर प्रबंधन निगम के जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के कामकाज पर सवाल उठ रहे है। लोगों का कहना है शिकायत के बाद भी कोई ध्यान नहीं दे रहा है।*

# प्रोटीन वाली गली से ओम शांति भवन तक खराब सड़क से अब नहीं होगी परेशानी

## निगम शुरू करेगा रूपार्तन गार्डन तक सीमेंटेड सड़क का निर्माण

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** विधानसभा 5 के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 43 में स्थित प्रोटीन वाली गली से लेकर ओम शांति भवन वाली गली तक बेहद जल्द नगर निगम द्वारा क्षतिग्रस्त सड़क के बजाय नई सड़क का निर्माण कार्य शुरू करने जा रहा है। जिसके तहत निगम द्वारा क्षेत्र के रहवासियों की लंबे समय की मांग को ध्यान में रखते हुए पलासिया क्षेत्र में न्यू पलासिया के एरिया प्रोटीन वाली गली से ओम शान्ति भवन वाली मुख्य गली और बगीचे के आसपास वाली गलियों में लाइन डालने के चक्कर में क्षतिग्रस्त हुई सड़कों को सुधार कार्य शुरू कर अब यहां नई चमचमाती सीमेंट सड़क निर्माण करने को लेकर अपनी ओर से तैयारी शुरू भी कर दी गई है।

**32 लाख रुपए से ज्यादा खर्चकर होगा आधा दर्जन गलियों का उद्धार-** क्षेत्रीय विधायक महेंद्र हार्डिया और पार्षद के सहयोग और लगातार प्रयासों से अब आने वाले दिनों में मानसून सीजन से पहले निगम द्वारा यहां की लगभग तीन से चार गलियों में लंबे समय से क्षतिग्रस्त सड़कों की बजाय अब नई सीमेंटेड सड़के बनाने का काम शुरू किया जाएगा। जिससे आने वाले दिनों में ओम शांति भवन आने वाले साधकों और भक्तों के साथ क्षेत्र के रहवासियों को भी नई चमचमाती सीमेंटेड सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिससे बारिश का सीजन शुरू होने से पहले क्षेत्र के सैकड़ों परिवारों की राह आसान होगी। साथ ही इस मार्ग से रात - दिन गुजरने वाले हजारों लोगों की भी राह अब आसान होने वाली है।

# आलोक नगर की आधा दर्जन से ज्यादा गलियों में ड्रेनेज डालने के बाद अब सड़क निर्माण की बारी

## गली नंबर 2 से लेकर 9 तक मिलने वाली है नई लाइन के साथ सड़क की सुविधा



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** विधानसभा 5 के वार्ड क्रमांक 51 से जुड़े आलोक नगर क्षेत्र में नगर निगम द्वारा विधायक महेंद्र हार्डिया के प्रयासों से क्षेत्र में पहले चरण में आलोक नगर की गली नंबर 2 से लेकर गली नंबर 9 तक सालों पुरानी क्षतिग्रस्त लाइन बदलकर नई ड्रेनेज लाइन डालने का काम किया जा रहा है। जिसके तहत यहां वर्तमान में सालों पुरानी लाइन की बजाय अब नई ज्यादा क्षमता वाली बड़ी लाइन डालने का काम पूरा किया जा चुका है। वहां निगम द्वारा हाथों-हाथ नई लंबी-चौड़ी सीमेंटेड सड़क निर्माण का कार्य भी शुरू कर दिया गया है।

**क्षेत्र के सैकड़ों रहवासी परिवार कर रहे थे सड़क निर्माण की मांग-** इधर, क्षेत्रीय पार्षद मलखान सिंह कटारिया ने बताया यहां करीब 22 लाख रुपए की लागत से पहले चरण में ड्रेनेज लाइन डालने का काम किया गया। वहीं अब दूसरे चरण में लगभग 25 लाख रुपए से ज्यादा की लागत से आधा दर्जन गालियों के साथ मुख्य सड़क का निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया है। कहा जा रहा है आने वाले दिनों में बारिश का मौसम शुरू होने से पहले आलोक नगर क्षेत्र की गली नंबर 2 से लेकर 9 तक नई सीमेंट सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिससे क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। गौरतलब है कि आलोक नगर क्षेत्र के रहवासी लगातार क्षेत्रिय पार्षद मलखान कटारिया से यहां की सालों पुरानी ड्रेनेज लाइन बदलने और नई लाइन डालने के साथ यहां की मुख्य सड़क के साथ आधा दर्जन गलियों में लाइन डालने के बाद अब सीमेंटेड सड़क निर्माण की तैयारी कर रहा है ताकि बारिश का सीजन शुरू होने से पहले लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

# श्रीकृष्णपुरी कॉलोनी से जुड़ी चक्की वाली गली से बालाजी किराना तक मिलेगी नई सीमेंटेड सड़क की सौगात



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट)।** विधानसभा 5 के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्रमांक 51 की श्रीकृष्णपुरी कॉलोनी में चक्की वाली गली में लालचंद कटारिया के घर से लेकर बालाजी किराना तक क्षेत्र के रहवासियों को बारिश से पहले निगम द्वारा बड़ी राहत देने की तैयारी शुरू हो गई है। जिसके तहत क्षेत्र के रहवासियों की मांग पर सालों बाद क्षेत्र की कई गलियों में आने वाले दिनों में नई सीमेंट सड़क का नव निर्माण कर क्षेत्र के लोगों को राहत देकर सौगात देने की तैयारी है।

## बगीचे के बाद अब मिलेगी सड़क की सौगात

गौरतलब है कि श्रीकृष्णपुरी कॉलोनी के सैकड़ो रहवासी परिवारों को क्षेत्रीय पार्षद मलखान कटारिया और विधायक महेंद्र हार्डिया द्वारा ब्याइजी चाय होटल के सामने से लेकर बाबूलाल नगर तक के बड़े हिस्से में सर्विस रोड के पास पिछले साल ही आकर्षक गार्डन की सौगात दी गई थी। यही नहीं इस बगीचे में बच्चों के मनोरजन के लिए झूले-चकरी और फिसल पट्टी के साथ आसपास के निवासियों के लिए सुबह-शाम कसरत करने के लिए जिम के आधुनिक उपकरण भी लगाए गए हैं।वहीं अब क्षेत्र के रहवासियों को बारिश के सीजन में कीचड़ से राहत के लिए निगम द्वारा जल्द ही यहां आने वाले दिनों में नई सीमेंट सड़क निर्माण की तैयारी भी शुरू की जा रही है। जिसके तहत बारिश से पहले यहां लगभग तीन से चार गलियों में नई सीमेंट सड़क का निर्माण किया जाएगा, जिससे सैकड़ों लोगों को फायदा मिलेगा।

# गर्मी की छुट्टियों में संभावित भीड़ समायोजन के लिए रेलवे ने उठाया कदम

## पश्चिम रेलवे द्वारा विभिन्न स्पेशल ट्रेनों के फेरे किए विस्तारित

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट )।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा एवं अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के उद्देश्य से रतलाम मंडल से गुजरने वाली विभिन्न स्पेशल ट्रेनों के फेरों को विस्तारित किया जा रहा है।

जिसके तहत पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार यात्रियों की सुविधा और गर्मियों की छुट्टियों में बढ़ने वाली संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए कुछ स्पेशल ट्रेनों का विस्तार किया जा गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है।

1, ट्रेन संख्या 09309 इंदौर–हज़रत निज़ामुद्दीन स्पेशल को 28 जून, 2026 तक विस्तारित किया गया है। यह ट्रेन 22 एवं 24 मई, 2026 को नहीं चलेगी। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 09310 हज़रत निज़ामुद्दीन–इंदौर स्पेशल को 29 जून, 2026 तक विस्तारित किया गया है। यह ट्रेन 23 एवं 25 मई, 2026 को नहीं चलेगी।

2, ट्रेन संख्या 09343 डॉ. अंबेडकर नगर–पटना स्पेशल को 25 जून, 2026 तक विस्तारित किया गया है। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 09344 पटना–डॉ. अंबेडकर नगर स्पेशल को 26 जून, 2026 तक विस्तारित किया गया है।

3,इंदौर खडकी साप्ताहिक स्पेशल-ट्रेन संख्या 09324 इंदौर खडकी स्पेशल, 29 जुलाई 2026 तक विस्तारित। ट्रेन संख्या 09323 खडकी-इंदौर स्पेशल 30 जुलाई 2026 तक विस्तारित की गई है। जिससे इन रूट्स पर यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को ट्रेनों के फेरे विस्तार से सीधा फायदा और भीड़ से भी बड़ी राहत मिलेगी।

## संपादकीय

# फैजाबाद अस्पताल की लापरवाही जब डॉक्टर मौजूद नहीं तब मरीजों की सुरक्षा किसके हाथ में

शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने संबंधित निजी अस्पताल को सील कर दिया है और मृतका के परिजनों को जांच का आश्वासन दिया है। अस्पतालों में इस तरह नियम-कायदों को ताक पर रखकर मरीजों की जान जोखिम में डालने के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। उत्तर प्रदेश में अयोध्या जिले के फैजाबाद स्थित एक निजी अस्पताल में अप्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा प्रसव कराए जाने के बाद महिला और उसके नवजात शिशु की मौत की घटना ने स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। खबरों के मुताबिक, घटना के वक्त संबंधित डाक्टर अस्पताल में मौजूद नहीं थीं और फोन पर ही कर्मचारियों को दिशा-निर्देश दे रही थीं। सवाल है कि कोई भी चिकित्सक किसी मरीज या गर्भवती महिला की जान के साथ ऐसा खिलवाड़ कैसे कर सकता है? क्या किसी चिकित्सक को प्रसव के दौरान होने वाली जटिलता और जोखिम का अंदाजा नहीं होता? यह अत्यंत गंभीर लापरवाही है कि अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सक की वैकल्पिक व्यवस्था के बिना ही फोन पर दिशा-निर्देश लेकर एक महिला का प्रसव कराया गया। विचित्र यह भी है कि जब संबंधित अस्पताल में कोई विशेषज्ञ डाक्टर मौजूद नहीं था, तो गर्भवती महिला को नियमानुसार किसी दूसरे अस्पताल में क्यों नहीं भेजा गया? गौरतलब है कि अस्पतालों में इस तरह नियम-कायदों को ताक पर रखकर मरीजों की जान जोखिम में डालने के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। कई बार तो मरीज की जान तक चली जाती है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर महज खानापूर्ति ही की जाती है। इस मामले में भी शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने संबंधित निजी अस्पताल को सील कर दिया है और मृतका के परिजनों को जांच का आश्वासन दिया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि जांच में लापरवाही साबित होने पर पुलिस प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। सरकारी स्तर पर दावा किया जाता है कि देश में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे और सुविधाओं में काफी प्रगति हुई है, लेकिन क्या फोन पर अप्रशिक्षित कर्मियों को दिशा-निर्देश देकर किसी महिला का प्रसव कराने के जोखिम को तरक्की कहा जा सकता है! असली प्रगति तो तभी होगी, जब आधुनिक सुविधाओं के साथ-साथ चिकित्सकों और उनके सहकर्मियों को अपने कर्तव्य के प्रति जिम्मेदार, संवेदनशील और जवाबदेह बनाया जाएगा। बहरहाल, उम्मीद की जानी चाहिए कि फैजाबाद के मामले में निष्पक्ष एवं गहन जांच की जाएगी और लापरवाही बरतने के दोषियों को कानून के कठघरे में लाया जाएगा। उत्तर प्रदेश के अयोध्या जिले के एक निजी अस्पताल में अप्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा प्रसव कराए जाने के बाद कथित चिकित्सीय लापरवाही के कारण एक महिला और उसके नवजात शिशु की मौत हो गई। अधिकारियों एवं परिवार के सदस्यों ने यह जानकारी दी। महिला के परिवार के सदस्यों ने गुरुवार को कहा कि प्रसव के दौरान डॉक्टर अस्पताल में नहीं थी और उसने फोन पर ही सारे दिशानिर्देश कर्मचारियों को दिए।

# सब्जी मंडी में महिला लुटेरी का आतंक, युवती के गले से झपटी सोने की चेन

**इंदौर।** बाणगंगा थाना क्षेत्र में बदमाशों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब महिलाएं भी सरेराह लूट की वारदातों को अंजाम दे रही हैं। नंदबाग कॉलोनी स्थित सब्जी मंडी में खरीदारी करने गई एक युवती के गले से अज्ञात महिला बदमाश सोने की चेन झपटकर फरार हो गई। भीड़भाड़ वाले इलाके में हुई इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।

पुलिस के मुताबिक, फरियादी जमना पवन कुमावत निवासी नंदबाग कॉलोनी, क्षेत्र की सब्जी मंडी में घर का सामान लेने गई थीं। जब वह सब्जी खरीदने में व्यस्त थीं, तभी वहां पहले से मौजूद एक अज्ञात महिला ने मौका पाकर उनके गले पर झपट्टा मारा। आरोपी महिला ने युवती के गले से सोने की चेन खींच ली और जब तक जमना शोर मचाती, वह भीड़ का फायदा उठाकर रफूचक्कर हो गई।

बाणगंगा पुलिस ने अज्ञात महिला आरोपी के खिलाफ लूट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस अब सब्जी मंडी और आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है ताकि संदिग्ध महिला की पहचान की जा सके। हुलिए के आधार पर क्षेत्र की पुरानी महिला अपराधियों का रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है।

# डामर की सर्विस रोड बनकर तैयार, आईटी पार्क फ्लाई ओवर के काम में आई तेजी

## फिर भी जून तक पूरा होना संभव नहीं

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। शहर के आईटी पार्क चौराहे के फ्लाई ओवर का काम तेज हो गया है। एक तरफ के हिस्से में सर्विस रोड बनकर तैयार है। दूसरे हिस्से में काम चल रहा है। हालांकि काम पूरा जून तक नहीं हो सकता है। यह अगले साल फरवरी तक ही संभव लग रहा है। फिलहाल यहां खासा जाम लगता है। वाहन चालकों की फजीहत होती है।

### क्यों खास है फ्लाई ओवर

क्योंकि फिलहाल तो लोग भंवरकुआं से तेजाजी नगर की ओर जाते हैं या रिंग रोड पर सफर करते हैं तो वे शाम के वक्त जाने से बचते हो। क्योंकि रोजाना आपकी ही तरह हजारों लोगों को यहां लंबे जाम का सामना करना पड़ता है, लेकिन फ्लाई ओवर बनने के बाद इससे राहत मिलने की उम्मीद है। यह शहर का पहला सिक्स लैन फ्लाईओवर है फरवरी या उससे पहले तक तैयार हो जाएगा। 3 साल पहले बने शहर के मास्टर प्लान में आईटी पार्क पर फ्लाईओवर प्रस्तावित था, जो 2025 में ही बनकर तैयार हो जाना था। लेकिन जमीन अधिग्रहण की रुकावटों और बिजली की लाइनों की शिफ्टिंग के चलते काम रुक गया था। ट्रैफिक की वजह से भी निर्माण धीमी गति से चलता रहा।लेकिन अब निर्माण में तेजी आई है। फ्लाईओवर के सभी पिलर्स खड़े कर दिए गए हैं और स्लिप भी डाली जा रही है।





### *सिक्स लाइन फ्लाईओवर, राह करेगा आसान*

*आईटी पार्क चौराहे पर बन रहा यह फ्लाईओवर इंदौर का एकमात्र सिक्स लाइन फ्लाईओवर होगा, जिसकी लागत तकरीबन 63.33 करोड़ रुपए है। इसे एमपीआरडीसी बना रहा है जो शहर के चार निर्माणाधीन फ्लाईओवर में से एक होगा। रिंग रोड होने की वजह से रोजाना शाम को यहां घंटों जाम लगता है। इसी चौराहे से ट्रैफिक एबी रोड, खंडवा नाका, तेजाजी नगर तक डाइवर्ट होता है। बुरहानपुर और महाराष्ट्र जाने वाली गाड़ियां भी यहीं से क्रॉस होती हैं। इसके बन जाने से राऊ से खजराना और कनाडिया की ओर जाने वाला ट्रैफिक बिना रुके निकल पाएगा। वहीं, क्रिस्टल आईटी पार्क में काम करने वाले हजारों युवाओं को ऑफिस आने-जाने में आसानी होगी जबकि फ्लाईओवर सीधे तौर पर भंवरकुआं, तीन इमली और तेजाजी नगर मार्ग को आपस में जोड़ देगा। फ्लाईओवर चालू होने के बाद महज 30 सेकंड में इसे पार किया जा सकेगा।*

# पेड़ काटने के विवाद में पड़ोसी बने दुश्मन

## डेयरी पर दूध लेने गए बुजुर्ग को पीटा

इंदौर। चंदन नगर थाना क्षेत्र में पेड़ काटने जैसी छोटी सी बात को लेकर तीन लोगों ने एक बुजुर्ग के साथ अभद्रता की और उनके घर के सामने ले जाकर उनके साथ जमकर मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी रमेश पिता मोतीलाल चौधरी, निवासी दामोदर नगर ने शिकायत दर्ज कराई है। रमेश ने बताया कि वह अपने घर के पास स्थित गोपाल डेयरी पर दूध लेने गए थे। वहां मौजूद पड़ोसी कैलाश सेन और दिनेश सेन ने उन्हें देखते ही विवाद शुरू कर दिया। आरोपियों ने उन पर चिल्लाते हुए पूछा कि 'तुम्हारे बेटे ने पेड़ क्यों काटा' जब रमेश ने जवाब दिया कि पेड़ उनके बेटे ने अकेले नहीं, बल्कि आसपास के सभी लोगों ने मिलकर काटा है, तो आरोपी भड़क गए। दिनेश और कैलाश, रमेश को जबरन उनके घर के सामने ले आए और गाली-गलौज करने लगे। उन्होंने रमेश से उनके बेटे को बाहर बुलाने की जिद की। जब रमेश ने गालियां देने से मना किया, तो कैलाश सेन, दिनेश सेन और उनके यहां काम करने वाले कान्हा ने मिलकर रमेश पर हमला कर दिया।

पीड़ित का आरोप है कि तीनों आरोपियों ने मिलकर उन्हें सरेराह पीटा। शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हुए, तब कहीं जाकर आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर मौके से भागे। बुजुर्ग रमेश को इस हमले में शरीर के कई हिस्सों में चोटें आई हैं। चंदन नगर पुलिस ने फरियादी रमेश चौधरी की शिकायत पर आरोपी कैलाश सेन, दिनेश सेन और कान्हा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# पानी पुरी खत्म होने पर भड़का बदमाश, ठेला चालक की आंख पर कड़े से किया हमला

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

**बेटमा थाना क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ पानी पुरी खत्म हो जाने की बात कहना एक गरीब ठेला चालक को भारी पड़ गया। आरोपी ने न केवल युवक के साथ मारपीट की, बल्कि हाथ में पहने लोहे के कड़े से उसकी आंख पर हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।**

पुलिस के मुताबिक, फरियादी अरविन्द पिता रामप्रकाश बघेल निवासी सनावदा रोड, बेटमा राजबाड़ा बेटमा में पानी पुरी का ठेला लगाता है। 30 मार्च की रात करीब 10:00 बजे जब वह अपना काम खत्म कर ठेला लेकर घर लौट रहा था, तभी सनावदा रोड पर संदीप पिता प्रताप निवासी छोटा बेटमा ने उसे रोक लिया। आरोपी संदीप ने अरविन्द से पानी पुरी खिलाने की मांग की। जब अरविन्द ने बताया कि सामान खत्म हो चुका है, तो संदीप जिद पर अड़ गया और विवाद करने लगा। उसने अरविन्द के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। जब अरविन्द ने गालियां देने से मना किया, तो संदीप ने आव देखा न ताव और थप्पड़-मुक्कों से हमला कर दिया। विवाद के दौरान आरोपी संदीप ने अपने हाथ में पहने हुए कड़े से अरविन्द की दाहिनी आंख पर जोरदार वार किया। हमले में अरविन्द की दाहिनी आंख के ऊपर और नीचे गंभीर चोटें आईं। मौके पर मौजूद सोनू और मोनू नामक युवकों ने बीच-बचाव कर अरविन्द को बचाया। भागते समय आरोपी ने धमकी दी कि 'आज के बाद पानी पुरी खिलाने से मना किया, तो तुझे जान से खत्म कर दूँगा।' घटना के बाद घायल अरविन्द अस्पताल में इलाज कराने चला गया था। शुक्रवार को तबीयत में सुधार होने पर वह अपने पड़ोसी विशाल जाट के साथ बेटमा थाने पहुँचा और मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी संदीप के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# शिवराज और सान्वी बने एशियन जूनियर चैंपियन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट




म.प्र. टेनिस संघ के तत्वावधान में आयोजित एशियन जूनियर अंडर-14 इंदौर ओपन टेनिस टूर्नामेंट में बालक वर्ग का खिताब चौथी वरीयता प्राप्त एस. शिवराज ने तथा बालिका वर्ग का गैर वरीयता प्राप्त सान्वी मोहन ने उलटफेर करते हुए अपने नाम किया और एशियन चैंपियन होने का गौरव हासिल किया।

इंदौर टेनिस क्लब में खेली गए इस प्रतिष्ठित एशियन जूनियर अंडर-14 इंदौर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के बालक एकल के फाइनल मुकाबले में चौथी वरीयता प्राप्त एस. शिवराज ने प्रयाग पटेल को थोड़े संघर्ष के बाद 6-3, 7-5 से पराजित किया। पहले सेट में शिवराज ने अपना उम्दा खेल दिखाया और प्रयाग की लगातार सर्विस तोड़ते हुए सेट अपने नाम किया। वहीं दूसरे सेट में प्रयाग ने वापसी की कोशिश की लेकिन शिवराज का धैर्यपूर्ण खेल तथा डाउन स्ट्रोक की बदौलत प्रयाग को दूसरे सेट में बढ़त लेने के बाद भी जीतने नहीं दिया। दूसरा सेट टाईब्रेकर में पहुंचने के पहले ही उन्होंने जीत हासिल कर एशियन चैंपियन होने का गौरव प्राप्त किया। बालक वर्ग में तीसरा स्थान शीर्ष क्रम के देवांश कंबोज ने दूसरी वरीयता प्राप्त मानव पटेल को हराकर हासिल किया।

बालिका एकल के फाइनल में सान्वी मोहन ने सबको चौकाते हुए छठीं वरीयता प्राप्त सारा फेंगसे को 4-6, 6-0, 6-1 से हराकर बड़ी खिताबी जीत दर्ज की। सान्वीं ने पूरे टूर्नामेंट में अपना जलवा बरकरार रखा और हर बड़े खिलाड़ी को मात देते हुए उन्होंने खिताब अपने नाम किया। फाइनल में भी उन्होंने अपने से ऊंची क्रम की सारा के खिलाफ पहला सेट हारने के बाद भी अपनी लय नहीं टूटने दी और दूसरे और तीसरे सेट में उन्होंने दमदार खेल दिखाते हुए सारा की सर्विस को लगातार ब्रेक करते हुए मात्र एक ही गेम जीतने दिया। सान्वी ने फाइनल में अपनी शानदार सर्विस और फोरहेंड शॉट का प्रदर्शन किया, जिसका जवाब सारा के पास नहीं था। बालिका वर्ग में तीसरे स्थान पर शीर्ष क्रम की पी. वट्टाप्रम्बिल ने चौथी वरीयता प्राप्त संरचना दास को हराकर हासिल किया।

बालक युगल का खिताब शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी देवांश कंबोज व प्रणव गायकवाड़ ने तीसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी प्रयाग पटेल व मानव पटेल को 6-7 (4), 6-3, 10-4 से तथा बालिका युगल वर्ग का खिताब दूसरी वरीयता प्राप्त सारा फेंगसे व एस. सूर्यवंशी ने अवनी पुनागंती व वैदेही शिंदे को 6-2, 6-2 से हराकर अपने नाम किया। पुरस्कार वितरण आईजी बीएसएफ टीपीएस सिद्धू के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर म.प्र. टेनिस संघ के अध्यक्ष अनिल महाजन, इंदौर टेनिस क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गढ़ा, इंदौर टेनिस संघ के ट्रस्टी बी.एस. छाबड़ा, अभिमन्यू सिंह गढ़ा, चीफ रैफरी सुराजित बंदोपाध्याय उपस्थित थे। संचालन टूर्नामेंट डायरेक्टर परीक्षित शर्मा ने किया।

# गुजरात टाइटंस के गेंदबाज आज लेंगे वैभव की परीक्षा

## राजस्थान रायल्स की भिड़ंत आज शाम गुजरात टाइटंस से

**अहमदाबाद।** कैगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज की मौजूदगी वाला तेज गेंदबाजी आक्रमण देखने में तो काफी खतरनाक लगता है, लेकिन आज शाम को उसकी परीक्षा है। अहमदाबाद में आईपीएल 2026 का नौवां मैच राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच होने वाला है। इंडियन प्रीमियर लीग के इस मैच में बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर 'वंडर बॉय' वैभव सूर्यवंशी के सामने गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों की कड़ी परीक्षा होगी।

### पहले ही मैच में वैभव सूर्यवंशी ने जाहिर कर दिए इरादे

पंद्रह वर्षीय सूर्यवंशी ने आईपीएल में अपने दूसरे सत्र की शानदार शुरुआत की। उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ केवल 15 गेंद पर अर्धशतक जड़ दिया था जिससे उसकी टीम ने 127 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर दिया था। सूर्यवंशी शनिवार को नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में एक बार फिर से आक्रामक रुख अपनाने की कोशिश करेंगे, लेकिन गुजरात टाइटंस का गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत है जिसमें रबाडा, सिराज और प्रसिद्ध जैसे खतरनाक तेज गेंदबाज हैं।

इस मैच में टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल से बेहतर रणनीति अपनाने की उम्मीद होगी क्योंकि पंजाब किंग्स के खिलाफ पिछले मैच में टीम की हार के दौरान उनके कुछ फैसलों की आलोचना हुई थी। इस मैच में जहां सिराज को केवल दो ओवर दिए गए थे वहीं प्रसिद्ध को 13वें ओवर में गेंदबाजी के लिए लाया गया था।

### बल्लेबाजी के लिए स्वर्ग है अहमदाबाद की पिच

बल्लेबाजी की बात करें तो नरेन्द्र मोदी स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों के लिए स्वर्ग मानी जा रही है, जहां वे खुलकर बल्लेबाजी कर सकते हैं। टूर्नामेंट में अब तक सभी टीम ने लक्ष्य का पीछा करना अच्छा समझा है।

राजस्थान रॉयल्स के पास नांद्रे बर्गर और जोफ्रा आर्चर जैसे दो अच्छे तेज गेंदबाज हैं। दोनों इस मैच में शुभमन गिल, साई सुदर्शन और जोस बटलर को शुरुआती ओवरों में कड़ी चुनौती देना चाहेंगे।

बल्लेबाजी में जीटी की शीर्ष क्रम पर जरूरत से ज्यादा निर्भरता

गुजरात टाइटंस की समस्या उसकी शीर्ष तीन बल्लेबाजों की पर अत्यधिक निर्भरता है। कप्तान गिल (27 गेंदों में 39 रन) और बटलर (33 गेंदों में 38 रन) दोनों ही मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने रंग में नहीं दिखे। सुदर्शन (11 गेंदों में 13 रन) भी चोट से उबरने के बाद लय हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। यही नहीं शाहरुख खान, वॉशिंगटन सुंदर और राहुल तेवतिया की मौजूदगी वाला उनका मध्य क्रम भी उतना भरोसेमंद नहीं है। राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अगर टाइटन्स पहले बल्लेबाजी करता है तो उसे कम से कम 220 रन बनाने होंगे ताकि उनके गेंदबाजों को सूर्यवंशी पर हावी होने का मौका मिल सके। अगर वह लक्ष्य का पीछा करते हैं तो उन्हें विपक्षी टीम को 200 रन के अंदर रोकना होगा।

# धू-धू कर जल उठी दुकान, समीप थी बैंक



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** रामचन्द्र नगर चौराहा स्थित बैंक ऑफ इंडिया के समीप बीती रात एक दुकान में भीषण आग लग गई। मिली जानकारी के अनुसार घटना रात करीब 1 बजे की है, यहां स्थित दुकान से आगजनी की घटना हुई है। बताया जा रहा है कि सूचना मिलने के बाद तुरंत मौके पर क्षेत्रीय पुलिस और दमकल की टीम पहुंची और आग पर काबू पाया। उल्लेखनीय है कि समीप ही बैंक ऑफ इंडिया है और उसके ऊपर रहवासी रहते हैं, जिसके चलते अफरा-तफरी मच गई। दमकल विभाग ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया।

# अच्छा स्कोर था, लेकिन हम विपक्षियों को रोक नहीं सके: गायकवाड़

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल 2026 के 7वें मुकाबले में पंजाब किंग्स के हाथों 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। यह सीएसके की इस सीजन की लगातार दूसरी हार है। चेन्नई ने पहले बैटिंग करते हुए पंजाब के सामने 210 रनों का टारगेट रखा था, मगर कमजोर गेंदबाजी के चलते सीएसके इसे डिफेंड नहीं कर पाया। पीबीकेएस ने 18.4 ओवर में ही इस मैच को अपने नाम कर लिया। इंपैक्ट प्लेयर नियम होने के बावजूद सीएसके ने सिर्फ 5 गेंदबाजों के साथ बॉलिंग की। इंपैक्ट प्लेयर में भी गायकवाड़ ने राहुल चाहर को चुना, जो काफी महंगे साबित हुए। उनकी यही गलती सीएसके की हार की वजह बनी। ऋतुराज गायकवाड़ ने मैच के बाद कहा, ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगा कि यह सच में एक बहुत अच्छा स्कोर था। विकेट, हां, तेज गेंदबाजों के लिए बेहतर था, लेकिन मुझे लगा कि स्पिनरों के लिए यह थोड़ा ग्रिप वाला था, गेंद बल्ले पर अच्छी तरह से नहीं आ रहा थी। धीमी गेंदें भी ग्रिप वाली थीं। तो मुझे लगता है, इस मैदान के लिए, खासकर बड़ी बाउंड्री के साथ, मुझे लगा कि यह सच में एक अच्छा स्कोर था। उन्होंने कहा कि हां, हमें लगा कि हमारे पास तीन सीमर थे, और जाहिर है कि हमारे पास दो अच्छे रिस्टस्पिनर एक साथ बॉलिंग कर रहे थे, खासकर पावरप्ले के बाद बीच में।


**क़ार्यालय तहसीलदार,तहसील हातोद जिला इन्दौर (म.प्र.)**

क्र./200/रीडर/2026 हातोद दिनांक 31/03/2026

आर.सी.एम.एस.क्र.-0623050516342-APP-27921103

**-उदघोषणा-**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक 1. हकीम खान पिता गनी खान 2. श्री अजमेरी खान पिता गनी खान, 3. उस्मान खान पिता गनी खान सभी निवासी गुदाखेडी द्वारा ग्राम फुलकराडिया क़ी भूमि सर्वे नं. 128/1 कुल रकबा 0.706 हेक्टेयर भूमि में से पैकि रकबा 0.592 हेक्टेयर भूमि विक्रेता 1. निर्भयसिंह पिता स्व. मांगीलाल, 2. रेशमबाई पति स्व मांगीलाल, 3. शिवनारायण पिता स्व. रामसिंह 4. रमेश पिता स्व. रामसिंह 5. नानुबाई पति स्व. सभी निवासी ग्राम गुदाखेडी से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक ए1-1342 दिनांक 05/03/2007 के माध्यम से क्रय कर नांमातरण हेतु मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109-110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया।

उक्त नामांतरण से संबंधित प्रकरण में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को आपत्ति हो, तो वह इस उद्घोषणा से प्रकाशन सात दिवस के भीतर तहसील न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। बाद मियाद अवधि के प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

उद्घोषणा आज दिनांक / / 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी की गई ।

तहसीलदार
तहसील हातोद जिला-इन्दौर

**कार्यालय नगर पालिक निगम देवास (म.प्र.)**

विज्ञप्ति क्र. /233/स्वा स्टोर/2026 देवास दिनांक-26/03/2026

**//निविदा आमंत्रण सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026 UAD_ 496500_1 | नगर पालिक निगम देवास के स्वास्थ्य स्टोर में उपलब्ध गाजर घास कटिंग मशीन स्प्रे पम्प एवं फोगिंग मशीन के वार्षिक मेंटेनेंस हेतु इम्पेनलमेंट निविदा प्रपत्र। | 1. 2-माह 2. 5.00.000/- | 2.000/- 15.000/- | 21/4/26 समय 6.30 |

**नोट-** निविदा से सम्बंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

उपायुक्त
नगर पालिक निगम
देवास (म.प्र.)

## न्यूज इन बॉक्स

### प्रकाश हॉकी क्लब की अक्सा खान मप्र टीम में

**इंदौर।** प्रदेश में राष्ट्रीय खेल हॉकी की सबसे पुरानी नर्सरी कहलाने वाले प्रकाश क्लब ने एक बार फिर इंदौर का सिर ऊंचा किया है। प्रकाश क्लब की खिलाड़ी अक्सा खान का चयन मध्य प्रदेश की सब जूनियर बालिका टीम में किया गया है।



प्रकाश क्लब के सचिव देवकीनंदन सिलावट ने बताया कि मध्य प्रदेश टीम की घोषणा हॉकी मप्र के सचिव लोक बहादुर ने की। मध्य प्रदेश टीम झारखंड की राजधानी रांची में आयोजित होने वाले 16वें हाकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में हिस्सा लेगी। प्रदेश टीम अपने अभियान की शुरूआत पांच अप्रैल को करेगी। अक्सा प्रकाश क्लब में वरिष्ठ एनआइएस कोच अशोक यादव और सरवर खान के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास करती हैं। वे इससे पहले भी कई अवसरों पर मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। उनके खेल से प्रदेश की टीम ने कई सफलताएं हासिल की हैं। अक्सा के चयन पर क्लब सदस्यों ने शुभकामनाएं दीं।

**मध्य प्रदेश टीम :** अक्सा खान, महक परिहार, शालिनी सिंह, स्नेहा दावदे, प्रियांशी शेतरे, नौशीन नाज, नम्मी गीताश्री, जाग्रति यादव, मुस्कान रघुवंशी, विभा परस्ते, साजदा बेगम, रौली बाल्मीकि, मानसी सरोज, सुदीप्ता किंडो, केशर बाबर, भाविका, प्रियांशी भंवर, सदफ जहान। कोच : देवकीनंदन कुशवाहा, **मैनेजर :** प्रियंका जौहरी।

### इन्दौर संभाग ने ग्वालियर को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया



**इंदौर।** एमपीसीए द्वारा आयोजित अंतर संभागीय ए डब्ल्यू कनमडीकर अंडर-13 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत इंदौर संभाग एवं ग्वालियर संभाग के मध्य दो दिवसीय मैच खेला गया जिसमें इंदौर संभाग ने पहले खेलते हुए अपनी पहली पारी में 76 ओवरो में सभी विकेट खोकर 267 रन बनाये । पवित्र पाटील ने शानदार 104 रन एवं समर पटेल ने 40 रन बनाये ।देव कंसाना ने 4 विकेट एवे आर्यन खेनवार ने 3 विकेट लिये। जवाब मे ग्वालियर संभाग ने अपनी पहली पारी में 85 ओवरो में 223 रन बनाकर अपने सभी विकेट खो दिये। इस तरह इंदौर संभगा ने 33 रनों की महत्वपुर्ण बढत प्राप्त की । रूद्रांश ने 67 व हिमांशु ने 64 रन बनाये। प्रणय चौहान ने 4 विकेट एवं पवित्र पाटील व अभिनंदन ने 2-2 विकेट लिये । जवाब में खेल समाप्त होने तक इंदौर संभाग ने अपनी दूसरी पारी में 13 ओवरो में 1 विकेट खोकर 80 रन बना लिये थे । पवित्र पाटील ने नाबाद 50 रन बनाये। इस तरह इंदौर सभाग ने पहली पारी की बढत के आधार पर यह मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश कर लिया । पवित्र पाटील को मैन आफ द मैच का पुरस्कार मिला।

# क्रीडा भारती स्थापना दिवस पर 1 लाख सूर्य नमस्कार महायज्ञ की पूर्णाहुति



**इंदौर।** क्रीड़ा भारती इंदौर महानगर द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव क्रीड़ा भारती स्थापना दिवस पर एक लाख सूर्य नमस्कार महायज्ञ (तृतीय वर्ष) का आयोजन किया गया। जिसमें गुड़ी पड़वा 19 मार्च से श्रीरामनवमी 27 मार्च तक 48 से अधिक योग एवं खेल संस्थाओं के 2200 योग साधकों ने आनलाइन पंजीयन किया। सभी साधकों ने श्रीरामनवमी से हनुमान जयंती तक प्रतिदिन अपनी अपनी संस्थाओं में 11-11 सूर्य नमस्कार लगाए । सामूहिक पूर्णाहुति श्री हनुमान जन्मोत्सव 2 अप्रैल को मल्हाराश्रम मैदान इंदौर पर रखी गई। जिसमें लक्ष्य से अधिक 1,69,000 सूर्य नमस्कार की आहुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मालवा प्रांत कार्यवाह विनीत नवाथे, विशेष अतिथि समाजसेवी किशोर गोयल एवं अध्यक्ष क्रीडा भारती के सहमंत्री अभय राहुल थे । इस अवसर पर विभिन्न योग संस्थाओं के प्रमुखों का सम्मान भी किया गया। आकर्षण की बात यह रही कि अतिथियों द्वारा भी मंच पर सूर्य नमस्कार लगाए गए। कार्यक्रम में श्री हनुमान चालीसा और खेलगीत की सुंदर प्रस्तुति रही । अतिथियों का स्वागत क्रीड़ा भारती मालवा प्रांत के मंत्री हरीश डागुर, क्रीड़ा भारती परिवार के विजय भावे, बबन शर्मा, राजू गौतम, प्रवीण मुद्रिस, अभय लक्कड़, रंजन पंवार, संगीता पंवार, मधु करोले, पूजा शर्मा, अमित कर्पे, मिथिलेश दवे आदि ने किया। संचालन योगेश पुरोहित ने किया। आभार हरदीप सिंह रूप्पल द्वारा किया गया।

# राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में निधि विजेता रही

**इंदौर।** डॉ. निधि परमार प्राध्यापक भौतिकी विभाग शा. होलकर विज्ञान महाविद्यालय द्वारा राज्य स्तरीय शिक्षक/कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता में शतरंज विधा में बिना कोई मैच हारे इन्दौर संभाग के लिये विजेता होने का गौरव प्राप्त किया। निधि को ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र प्राप्त के साथ सम्मान किया।

म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत शिक्षक/कर्मचारी खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिवर्ष जिला,संभाग तथा राज्य स्तर पर अलग-अलग संभाग के द्वारा आयोजित किया जाता है । इस वर्ष यह प्रतियोगिता सागर संभाग द्वारा आयोजित की गई। जिसमें इन्दौर संभाग ने चारो ही विधाओं में बैडमिंटन,टेबल-टेनिस,शतरंज एवं टेनिस में उत्कृष्ट प्रदर्षन किया।



महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनामिका जैन एवं समस्त महाविद्यालय परिवार ने डॉ. निधि परमार के विजेता होने पर सम्मान कर उन्हें बधाईयां दी। इस अवसर पर भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नांगेश डगांवकर एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ.अनुपम शर्मा भी उपस्थित थे । उक्त प्रतियोगिता में डॉ. रोमा खुल्लर, डॉ. श्वेता पाटनकर ने भी इंदौर संभाग की और से भाग लिया।

## राऊ क्लब की विशाल जीत

**इंदौर।** आईडीसीए के तत्वावधान में इंदौर कोल्टस द्वारा आयोजित स्व परमदीप सिंह पठानिया स्मृति अंडर-14 क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत राउ क्लब एवं एसवीसीए के मध्य मैच खेला गया जिसमें राउ क्लब ने पहले खेलते हुए 48 ओवरो में सभी विकेट खोकर 284 रन बनायें । पारस अग्रवाल ने शानदार 110 रन व जाबिर खान ने 89 रन बनायें। संकेत ने 3 विकेट लिये। जवाब में एसवीसीए की टीम 168 रनों पर सिमट गई और यह मैच 116 रनों के विशाल अंतर से हार गई। करन सोलंकी ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिये।





### एमवायसीसी की रोमांचक जीत

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एमवायसीसी एवं एलएसजीसीए के मध्य खेला गया जिसमें एमवायसीसी ने पहले खेलते हुए 24 ओवरो में सभी विकेट खोकर 114 रन बनायें। यथार्थ बर्फा ने 5 विकेट लिये। जवाब में एलएसजीसीए की टीम 24 ओवरो में 100 रनों पर सिमट गई और यह मैच 24 रनों के अंतर से हार गई । तारूष जैन ने 4 विकेट एवं अंश लोधी ने 3 विकेट लिये।





### नायर क्रिकेट एकेडमी जीती

इसी स्पर्धा के अंतर्गत एक अन्य मैच एनसीए एवं इंदौर स्पोटस के मध्य खेला गया जिसमें एनसीए ने पहले खेलते हुए 48 ओवरो में सभी विकेट खोरक 264 रन बनाये। रेयांश पटेल ने 67 रन व तनिष्क बावेजा ने 40 रन बनाये। कृताज्ञ ने 3 विकेट लिये। जवबा में इंदौर स्पोटस की टीम 40 ओवरो में सभी विकेट खोकर 156 रन ही बना सकी और यह मैच 108 रनों से हार गई । कृष्णा जादौ ने 79 रन बनाये। चैतन्य शर्मा ने 4 विकेट लिये ।

## युवा बल्लेबाज की बल्लेबाजी ने सबको किया प्रभावित, जीता पीओटीएम अवार्ड

**चेन्नई।** श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल 2026 के 7वें मैच में 5 विकेट से धूल चटाई। सीजन-19 में लगातार दो मैच जीतकर पीबीकेएस पॉइंट्स टेबल में पहले पायदान पर पहुंच गई है। चेन्नई ने पहले बैटिंग करते हुए पंजाब के सामने 210 रनों का टारगेट रखा था, चेपॉक के मैदान पर इस स्कोर का पीछा मेहमान टीम ने मात्र 18.4 ओवर में ही कर लिया। श्रेयस अय्यर ने इस दौरान शानदार अर्धशतक जड़ा, वहीं प्रभसिमरन सिंह ने 43 रनों की पारी खेली, मगर 11 गेंदों पर 39 रन बनाने वाले प्रियांश आर्या को प्लेयर ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया।

प्रियांश आर्या का इस मैच में काफी बड़ा इंपैक्ट रहा। 210 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए पंजाब को जिस तरह की तूफानी शुरुआत की जरूरत थी वो इस 'इंपैक्ट प्लेयर' ने दी। प्रियांश ने मात्र 11 गेंदों पर 3 चौकों और 4 गगनचुंबी छक्कों की मदद से यह पारी खेली। प्रियांश आर्या ने प्रभसिमरन सिंह के साथ पहले विकेट के लिए 4.2 ओवर में 61 रनों की साझेदारी की। इस साझेदारी ने पंजाब की जीत की नींव रखी। प्रियांश के रूप में ही पंजाब को पहला झटका पावरप्ले में लगा था। पंजाब किंग्स के प्रियांश आर्या इसी के साथ आईपीएल के इतिहास में मात्र दूसरे ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं, जिसने बिना बॉलिंग और फील्डिंग में आउट किए मात्र 11 गेंदें बैटिंग कर प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड जीता है। इससे पहले ऐसा ही कुछ कारनामा सनराइजर्स हैदराबाद के ग्लेन फिलिप्स ने किया था।

## श्रेयस ने फिर दोहराई गलती, लगा बड़ा जुर्माना

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 का सातवां मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स और पंजाब किंग्स के बीच कल रात खेला गया। इस मैच में पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने लगातार दूसरी बार आईपीएल के कॉड ऑफ कंडक्ट का उल्लंघन किया। श्रेयस अय्यर पर पहले मैच में भी स्लो ओवर रेट के लिए गुजरात टाइटंस के खिलाफ जुर्माना लगाया गया था। वही गलती अब अय्यर ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ भी दोहराई है। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ स्लो ओवर रेट के चलते पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर 24 लाख का जुर्माना लगाया गया। यह इस सीजन में उनकी टीम का दूसरा अपराध था, जो आईपीएल कॉड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.22 के तहत आता है। बता दें कि इम्पैक्ट प्लेयर समेत पूरी पंजाब किंग्स की प्लेइंग 11 पर भी जुर्माना लगा है। 6 लाख रुपये या 25 परसेंट मैच फीस सबकी काटी जाएगी, जो भी कम होगा।

**पंजाब किंग्स ने चेन्नई को 5 विकेट से हराया–** पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। ऐसे में चेन्नई सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 209 रन बोर्ड पर लगाए। युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने 73 रन की तूफानी पारी खेली। शिवम दुबे 45 रन बनाकर नाबाद रहे तो सरफराज खान ने भी 32 रन ठोके। पंजाब किंग्स की तरफ से विजयकुमार विशक ने 2 विकेट लिए। 1-1 विकेट जेवियर बार्टलेट, मार्को यानसन और युजवेंद्र चहल ने लिया। 210 रन का टारगेट पंजाब किंग्स ने 18.4 ओवर में 5 विकेट रहते चेज कर लिया। पंजाब के टॉप ऑर्डर से हर एक बल्लेबाज ने अपना योगदान दिया।

# सायबर ठगों ने की दर्जनभर से ज्यादा वारदात

## डिजिटल अरेस्ट और इन्वेस्टमेंट के नाम पर भी ठगा

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में सायबर अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। पिछले कुछ दिनों में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में ठगी के ऐसे मामले सामने आए हैं, जहाँ किसी को घर बैठे 'डिजिटल अरेस्ट' किया गया, तो किसी का मोबाइल अपडेट के नाम पर बैंक खाता खाली कर दिया गया। पुलिस ने इन सभी मामलों में आईटी एक्ट और धोखाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला से 5 लाख की ठगी

सदर बाजार थाना क्षेत्र में एक 70 वर्षीय वृद्धा को सायबर ठगों ने अपना शिकार बनाया। ठगों ने फोन कर महिला को डराया कि उनका नाम मनी लॉन्ड्रिंग केस में आया है। केस सेटल करने और गिरफ्तारी से बचने के नाम पर मोबाइल नंबर 8726883751 के धारक ने वृद्धा से 5 लाख रुपये ऐंठ लिए।

### 'इंटरनेशनल कोरियर' के नाम पर 10.42 लाख पार

एरोड्रम क्षेत्र के ओमविहार कॉलोनी निवासी अशोक कुमार गुप्ता (67) के साथ बड़ी धोखाधड़ी हुई। अज्ञात ठग ने खुद को 'डॉक्टर लिसा डेविस' (स्कॉटलैंड) बताया और दिल्ली एयरपोर्ट पर इंटरनेशनल कोरियर फंसने का झांसा दिया। फर्जी कस्टम ड्यूटी और क्लीयरेंस के नाम पर फरियादी से 10,42,449 रुपये की ठगी कर ली गई।

### मोबाइल हैक कर खाते से उड़ाए 2.47 लाख

व्यंकटेश विहार कॉलोनी के रवि कुमार प्रजापत का मोबाइल अज्ञात बदमाशों ने हैक कर लिया। इसके बाद उनके बैंक खाते की जानकारी निकालकर विभिन्न यूपीआई ट्रांजैक्शन के जरिए 2,47,000 रुपये पार कर दिए गए।

### सॉफ्टवेयर अपडेट करना पड़ा महंगा, 3 लाख की चपत

केशरबाग रोड निवासी कपिल पटेल के पास सैमसंग ए-23 मोबाइल अपडेट का नोटिफिकेशन आया। जैसे ही उन्होंने 'अपडेट' पर क्लिक किया, मोबाइल कई बार बंद चालू होने लगा। इसी दौरान उनके बैंक ऑफ इंडिया के खाते से अलग-अलग यूपीआई आईडी में 3 लाख रुपये ट्रांसफर हो गए। फरियादी ने 1930 पर शिकायत कर ई-एफआईआर दर्ज कराई है।

### शेयर बाजार के नाम पर 94 हजार की ठगी

हुकुमाखेड़ी निवासी आनंद सागर को 'न्यू बेरी 4398 स्टेबल ट्रेडिंग जोन' नामक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया। ग्रुप एडमिन राजेश मोदी और मीना जोशी ने खुद की पहचान बदलकर फरियादी को इन्वेस्टमेंट का लालच दिया और एप से लॉगआउट कर 94,000 रुपये हड़प लिए।




### मुनाफे का लालच देकर 4.07 लाख की धोखाधड़ी

बिजलपुर की शिवसागर कॉलोनी निवासी अमित व्यास को व्हाट्सएप ग्रुप एडमिन सुसान और उसके साथियों ने 'एम एण्ड जी' वेबसाइट पर निवेश कराया। शुरुआत में थोड़ा मुनाफा देकर विश्वास जीता, लेकिन जब अमित ने अपनी 4,07,979 रुपये की राशि निकालने की कोशिश की, तो उनका खाता लॉक कर दिया गया और कमीशन की मांग की गई।

### क्रिप्टो वायलेट से 2014 डॉलर गायब

श्रीनगर एक्सटेंशन निवासी तरुण भाटी के क्रिप्टो वायलेट में सेंधमारी हुई है। अज्ञात बदमाश ने तरुण के वायलेट को एक्सेस कर कुल 2014 डॉलर करीब 1.80 लाख भारतीय रुपये अपने खुद के क्रिप्टो वायलेट पर ट्रांसफर कर लिए।

### कोट प्रो ऐप से 2.94 लाख की चपत

प्लेटिनम पैराडाइज निवासी सुनील परमार ने 'कोट प्रो ऐप' के माध्यम से ट्रेडिंग शुरू की थी। शुरुआत में विश्वास जीतने के लिए ठगों ने सुनील को कुछ पैसे निकालने दिए। भरोसा होने पर सुनील ने कुल 1.90 लाख रुपये निवेश कर दिए, जो बढ़कर 2.94 लाख हो गए। लेकिन अब ऐप से पैसा नहीं निकल रहा है और सुनील ठगी का शिकार हो गए हैं।

### मोबाइल हैक कर उड़ाए 1.97 लाख

अंकुर आंगन कॉलोनी निवासी संदीप कुमार गुप्ता का मोबाइल फोन अज्ञात बदमाशों ने हैक कर लिया। हैकिंग के बाद बदमाशों ने उनके एसबीआई और बंधन बैंक के खातों में सेंध लगाई। 17 से 20 मार्च के बीच विभिन्न यूपीआई ट्रांजैक्शन के जरिए संदीप के खातों से कुल 1,97,000 रुपये अवैध रूप से निकाल लिए गए।

### डरा-धमकाकर 2 लाख की वसूली

क्रिश्चन कॉलेज कंपाउंड निवासी सैय्यद अली को अज्ञात बदमाशों ने फोन पर डराया-धमकाया और किसी कानूनी कार्रवाई का डर दिखाकर उनसे 2 लाख रुपये हड़प लिए। पुलिस इस मामले में कॉल रिकॉर्ड्स और बैंक ट्रांजैक्शन की जांच कर रही है।

### बैंक मैसेज देख उड़े होश, 6 ट्रांजैक्शन में 2.87 लाख पार

बाराभाई निवासी धर्मेंद्र भाट के साथ मोबाइल हैकिंग के जरिए बड़ी वारदात हुई। धर्मेंद्र जब घर पर थे, तभी उनके मोबाइल पर घ्घ्घ्घ बैंक से धड़ाधड़ मैसेज आने लगे। महज 6 ट्रांजैक्शन में उनके खाते से 2,87,993 रुपये डेबिट हो गए। बदमाशों ने 55 हजार से लेकर 39 हजार तक के कई ट्रांजैक्शन कर खाता खाली कर दिया।

## शातिर बदमाश जिलाबदर टीआई ने इलाके में कराई मुनादी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर में अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए पुलिस प्रशासन सख्त रवैया अपना रहा है। इसी कड़ी में चंदन नगर थाना पुलिस ने क्षेत्र के एक सूचीबद्ध बदमाश को 6 माह के लिए जिलाबदर कर दिया है। पुलिस ने न केवल आदेश जारी किए, बल्कि बदमाश के रहवासी इलाके में लाउडस्पीकर के माध्यम से मुनादी कराकर जनता को भी सचेत किया है।





चंदन नगर थाना प्रभारी तिलक करोले ने बताया कि पुलिस कमिश्नर के आदेश के परिपालन में आज शनिवार को पंचमूर्ति नगर क्षेत्र में विशेष मुनादी कराई गई। यहाँ रहने वाले 32 वर्षीय राहुल उर्फ झटका की आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए उसे जिलाबदर किया गया है। पुलिस टीम ने लाउडस्पीकर के जरिए आरोपी के परिजनों और आसपास के रहवासियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वह अगले 6 माह तक शहर की सीमा में दिखाई नहीं देना चाहिए। प्रशासनिक आदेश के अनुसार, राहुल उर्फ झटका का इंदौर नगरीय एवं देहात क्षेत्र के साथ-साथ पड़ोसी जिलों देवास, धार, खरगोन और उज्जैन की सीमाओं में भी प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। यदि वह इन क्षेत्रों में कहीं भी पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सीधे जेल भेजने की कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी ने मुनादी के दौरान क्षेत्र के नागरिकों से भी अपील की है कि यदि यह बदमाश निर्धारित अवधि के दौरान कहीं भी नजर आता है, तो इसकी सूचना तत्काल संबंधित थाने या डायल-100 पर दें।

## शातिर ड्रग तस्कर 6 माह के लिए भेजा गया भोपाल जेल

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

शहर के युवाओं को नशे का आदी बनाने वाले और अवैध मादक पदार्थों के कारोबार में संलिप्त अपराधियों के खिलाफ इंदौर पुलिस का अभियान जारी है। इसी कड़ी में थाना खजराना पुलिस ने क्षेत्र के एक कुख्यात और आदतन ड्रग तस्कर के विरुद्ध पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रभावी कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार किया है। आरोपी को अब अगले 6 माह के लिए केंद्रीय जेल भोपाल में निरुद्ध रखा जाएगा।



खजराना थाना पुलिस के अनुसार, आरोपी सैयद रेहान उर्फ मांडा पिता सैयद लुकमान, निवासी ममता कॉलोनी, खजराना लंबे समय से क्षेत्र में मादक पदार्थों की अवैध खरीदी-बिक्री में सक्रिय था। आरोपी रेहान के विरुद्ध पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के दो गंभीर मामलों सहित कई अन्य आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। उसकी लगातार बढ़ती असामाजिक गतिविधियों को देखते हुए पुलिस ने उसके खिलाफ सख्त वैधानिक घेराबंदी की।

पुलिस द्वारा तैयार किए गए प्रतिवेदन पर डीसीपी जोन-2 और अतिरिक्त पुलिस आयुक्त की अनुशंसा के बाद मामला माननीय न्यायालय संभागायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया गया। संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने मामले के तथ्यों और आरोपी के रिकॉर्ड पर विचार करने के बाद 2 अप्रैल को उसे 6 माह की अवधि के लिए जेल भेजने के आदेश जारी किए।?खजराना पुलिस ने आदेश के परिपालन में आरोपी सैयद रेहान उर्फ मांडा को विधिवत गिरफ्तार कर लिया है। उसे अब केंद्रीय जेल भोपाल भेजा जा रहा है, जहाँ वह आगामी छह महीनों तक कड़ी निगरानी में रहेगा।

## युवती ने लगाई फांसी

**इन्दौर।** खजराना थाना क्षेत्र स्थित बंगाली कॉलोनी में एक युवती ने फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त करने का मामला सामने आया है। फिलहाल, आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। मृतिका की पहचान डॉली पिता रखालदास (19) निवासी बंगाली कॉलोनी, खजराना के रूप में हुई है। कल डॉली ने अपने घर के कमरे में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा ली। जब परिजनों ने उसे फंदे पर झूलते देखा, तो उनके होश उड़ गए। उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## सचिन आर्य को केन्द्रीय जेल भोपाल भेजा



**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)।** रावजी बाजार पुलिस ने पीआईटी एनडीपीएस एक्ट में सचिन आर्य उम्र 23 साल निवासी राधा गोविंद का बगीचा को गिरफ्तार करने के साथ केन्द्रीय जेल भोपाल में निरुद्ध किया। इस कार्य में वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन मिला। इस कार्रवाई में टीआई रामकुमार रघुवंशी, प्रेमसिंह, मुकेश गायकवाड़ा, राम लखन की भूमिका अग्रणी रही।

## चाकूबाजी में युवक घायल

**इन्दौर (सिटी ब्लास्ट न.प्र.)।** विजय नगर थाना क्षेत्र के अनिल नगर में बीती रात एक चाकूबाजी की घटना हुई है। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया। एसीपी पराग सैनी ने बताया कि डायल-112 पर सूचना मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पहुंची। परिजनों ने बताया कि 3 से 4 बदमाशों ने परविंदर पिता विजेन्द्रसिंह (25) को चाकू मारकर घायल कर दिया। बताया जा रहा है कि परविंदर का पूर्व में भी कोई विवाद हुआ था जिसको लेकर एमआईजी थाना में शिकायत दर्ज है। पुलिस अब एमआईजी थाना में हुई शिकायत और कल हुई घटना को लेकर जांच कर रही है। घायल परविंदर का अरविन्दो अस्पताल में इलाज चल रहा है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।